दैनिक
# नवयत
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
वर्ष: 17 अंक 87 सीकर, मंगलवार 26 मई 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8


# पेट्रोल-डीजल में फिर आग
## इस महीने चौथी बार बढ़े दाम
### दिल्ली में पेट्रोल 2.61 और डीजल 2.71 रूपये प्रति लीटर महंगा हुआ

नई दिल्ली।

तेल कंपनियों ने आज, 25 मई को पेट्रोल 2.61 प्रति लीटर और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा कर दिया है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब एक लीटर पेट्रोल की कीमत 102.12 और डीजल की कीमत 95.20 हो गई है।



#### अन्य चीजों के दाम भी बढ़ सकते हैं....

**मालभाड़ा बढ़ेगा:** ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल और राशन महंगे हो जाएंगे।

**खेती की लागत:** ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत बढ़ेगी।

**बस-ऑटो का किराया:** सार्वजनिक परिवहन और स्कूल बसों के किराए में भी इजाफा देखने को मिल सकता है।

#### पेट्रोल इस्तेमाल में उत्तर प्रदेश टॉप पर

देश में सबसे ज्यादा पेट्रोल की खपत उत्तर प्रदेश में होती है। यहां वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 5157.8 हजार मीट्रिक टन पेट्रोल की खपत हुई। पेट्रोल की सबसे कम खपत लक्षद्वीप में हुई, यहां 1.1 हजार मीट्रिक टन पेट्रोल का इस्तेमाल हुआ।

#### तेल कंपनियों को अब भी हर दिन 600 करोड़ का घाटा

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज बताया कि इस बढ़ोतरी के बाद सरकारी तेल कंपनियों का घाटा कम हो गया है। अब यह घाटा घटकर करीब 600 करोड़ रुपए प्रति दिन रह गया है। 15 मई से शुरू हुए कीमतों में बदलाव से पहले पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) बेचने पर कंपनियों को रोजाना लगभग 1,000 करोड़ रुपए का घाटा हो रहा था।

## पुलिस की सुरक्षा में सेंध
### सुरक्षा की गुहार लगाने आए जोड़े से मारपीट
#### एसपी दफ्तर से नव विवाहित युवती का अपहरण

निसं

**चूरू (नवयत)।** चूरू में सोमवार को पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करने वाली घटना सामने आई। सुरक्षा की गुहार लगाने एसपी कार्यालय पहुंचे एक नवविवाहित प्रेमी जोड़े के साथ एसपी ऑफिस परिसर में ही मारपीट की गई और कार सवार लोग युवती को जबरन उठाकर ले गए। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि झाड़सर निवासी युवक कृष्ण और बीकानेर के नाथवाना निवासी भावना ने करीब दस दिन पहले प्रेम विवाह किया था। दोनों को युवती पक्ष से खतरा होने की आशंका थी, जिसके चलते सोमवार दोपहर वे चूरू एसपी कार्यालय सुरक्षा मांगने पहुंचे थे। परिजनों के अनुसार, दोनों ने विवाह संबंधी दस्तावेज एसपी कार्यालय में जमा करवाए थे। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उन्हें परिवादी कक्ष में बैठने के लिए कहा। इसी दौरान युवती पक्ष के कुछ लोग वहां पहुंचे और युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि युवक के कपड़े फाड़ दिए गए और युवती को जबरन कार में डालकर ले जाया गया। घटना के दौरान बदमाश एसपी कार्यालय के साइड गेट का कुंडा तोड़कर फरार हो गए। पूरी वारदात एसपी कार्यालय परिसर में होने से पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

#### पुलिस ने बनाई चार स्पेशल टीमें

घटना के बाद जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने बताया कि प्रेमी जोड़ा सुरक्षा की गुहार लेकर स्वागत कक्ष में आया हुआ था। इसी दौरान लड़की पक्ष के कुछ लोग वहां पहुंचे और युवती को अपने साथ ले गए। एसपी ने कहा कि पूरे मामले के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आरोपियों की तलाश के लिए चार विशेष टीमों का गठन किया गया है तथा जिलेभर में नाकाबंदी करवाई गई है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और यदि किसी पुलिसकर्मी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

#### युवक पक्ष ने उठाए सवाल

घटना के बाद युवक पक्ष के परिजनों ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। युवक के जीजा विकास ने कहा कि जब एसपी कार्यालय में ही फरियादी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम लोगों की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## कांस्टेबल 7 हजार 500 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जयपुर नगर चतुर्थ इकाई ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना रामगंज जयपुर उत्तर में तैनात कांस्टेबल सीताराम मीणा को 7 हजार 500 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपित कांस्टेबल पासपोर्ट वेरिफिकेशन के नाम पर परिवादी से रिश्वत मांग रहा था। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने अपने, पत्नी और बच्चे के पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। इन आवेदनों की जांच पुलिस थाना रामगंज जयपुर के कांस्टेबल सीताराम मीणा के पास लंबित थी। आरोप है कि सत्यापन रिपोर्ट अनुकूल करने की एवज में आरोपित कांस्टेबल ने 30 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। बाद में सौदा 9 हजार रुपए में तय हुआ। एसीबी के अनुसार आरोपित कांस्टेबल ने 24 मई को सत्यापन के दौरान 1 हजार 500 रुपए पहले ही प्राप्त कर लिए थे। इसके बाद सोमवार को शेष 7 हजार 500 रुपए लेते समय एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपित कांस्टेबल सीताराम मीणा से पूछताछ जारी है। यह कार्रवाई एसीबी उप महानिरीक्षक-द्वितीय जयपुर ओमप्रकाश मीणा के सुपरविजन में की गई। एसीबी जयपुर नगर चतुर्थ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक रामजीलाल एवं टीम ने ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया।

## राजकीय चिकित्सालय में फल, बिस्कुट, जूस वितरित



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत)।** स्थानीय श्याम सखी मंडल द्वारा राजकीय बगड़िया अस्पताल में रोगियों को फल और बिस्किट का वितरण किया गया है। टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार की प्रेरणा से मंडल की अध्यक्ष कांता शर्मा, संतोष शर्मा, राजू शर्मा, आभा शर्मा, चंद्रप्रभा सोनी, मेनका दर्जी, स्वाति शर्मा, कंचन स्वामी, राजू सोनी, माया गोठड़िया, भंवरी देवीए सरला सोनी, सरोज शर्मा, इंद्रमणि, कंचन सोनी, मिताली शर्मा आदि ने मरीजो को फल, बिस्कुट, जूस वितरण किया।

### धरने पर मांगों को लेकर की नारेबाजी

सुजानगढ़ (नवयत)। गांधी चौक स्थित पार्क में महापुरूषों की मूर्तियां लगाये जाने की मांग को लेकर अजय ढेनवाल के नेतृत्व में लगातार 23 वें दिन भी धरना सोमवार को जारी रहा। धरने पर इकबाल खान कायमखानी, बिलाल भूरान, पवन लाखन, खींवाराम मेहरड़ा, तनसुख, जगदीश वाल्मीकि, हंसराज सियोता, श्याम सामरिया, आशाराम, तरूण सियोता सहित अनेक लोगों ने शिरकत की। धरने पर मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की गई।



### 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026'
## मुख्यमंत्री ने गंगादशमी पर बंध बरेठा बांध पर किया जल पूजन

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' के पहले दिन सोमवार को गंगादशमी के पावन अवसर पर भरतपुर स्थित बंध बरेठा बांध पर विधिवत् एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से जल संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संसाधनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बंध बरेठा बांध की पाल के कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से परियोजना के विस्तार एवं उन्नयन कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल संरक्षण से जुड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि अधिकाधिक क्षेत्रों में जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जल प्रबंधन को आधुनिक तकनीक एवं पारंपरिक ज्ञान के समन्वय से मजबूत बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल संकट के स्थायी समाधान के लिए दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य कर रही है जिससे राजस्थान जल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। प्रदेश में तालाबों, बांधों, बावड़ियों एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से भी जल बचाने एवं जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक बहादुर सिंह कोली, ऋतु बनावत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महामंत्री का किया स्वागत

श्रवण सारस्वत

**रींगस (नवयत)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का बीकानेर प्रवास के दौरान रींगस रेलवे स्टेशन पहुँचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अभूतपूर्व और गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी को दुपट्टा ओढ़ाकर और बाबा श्याम का स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। स्टेशन पर उपस्थित जनसमूह और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने



वैश्विक परिस्थितियों और गहराते ऊर्जा संकट पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को दोहराते हुए कहा, वर्तमान विश्व परिस्थितियों को देखते हुए देशवासियों को यथासंभव पब्लिक ट्रांसपोर्ट से यात्रा करनी चाहिए। इससे न केवल व्यक्तिगत रूप से ईंधन की बचत होगी, बल्कि देश का आयात खर्च भी कम होगा, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस भव्य स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता विष्णु चुलेट जिला उपाध्यक्ष फूलचंद बाजिया, महामंत्री रोशन सितमका, युवा मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश खोरड़िया, एड दीपक बाजिया, वरिष्ठ कार्यकर्ता मूलचंद जांगिड़, बंशीधर बाजिया और सुभाष कुमावत सहित अनेकों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रम्प बोले- ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करूंगा
### अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ नहीं, विपक्षी नेताओं पर नाराजगी जताई




तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि वे ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि या तो अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ भी नहीं होगा। ट्रम्प ने ईरान के साथ होने वाले समझौते की आलोचना करने वाले नेताओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- जिन्हें ईरान के साथ होने वाले समझौते के बारे में कुछ भी नहीं पता है, वे भी इसकी बुराई कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि ये लोग कमजोर हैं और सिर्फ देश को बांटते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उनका संभावित समझौता 2015 के परमाणु समझौते जैसा नहीं होगा। ट्रम्प ने ओबामा के समझौते को आपदा बताया और दावा किया कि उससे ईरान के लिए परमाणु हथियार तक पहुंचने का रास्ता खुल गया था।

#### 4 बड़े अपडेट्स

1. **अमेरिका-ईरान में समझौते पर दस्तखत नहीं:** अमेरिका और ईरान के बीच समझौते पर दस्तखत नहीं हो सके। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रविवार को ही दोनों देश सीजफायर बढ़ाने और होर्मुज खोलने को लेकर समझौता कर सकते हैं।
2. **ओमान के जरिए अमेरिका को मैसेज:** ईरान ने ओमान के जरिए अपना मौखिक संदेश अमेरिका तक पहुंचाया। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा है कि उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का एक मैसेज ओमान के विदेश मंत्री तक पहुंचाया।
3. **सुप्रीम लीडर की मंजूरी के बिना कोई फैसला नहीं:** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि ईरान में कोई भी बड़ा फैसला सुप्रीम लीडर की मंजूरी के बिना नहीं लिया जाएगा।
4. **अमेरिका-ईरान समझौते से इजराइल चिंतित:** अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित समझौते को लेकर इजराइल में चिंता बढ़ गई है। एक इजराइली अधिकारी ने कहा है कि इस समझौते से ईरान को यह मैसेज जाएगा कि वह होर्मुज का इस्तेमाल दबाव बनाने के हथियार की तरह कर सकता है।


## एफआर लगाने की एवज में रिश्वत लेते एसआई ट्रैप

निसं



**जयपुर (नवयत)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की बीकानेर चौकी टीम ने कार्रवाई करते हुए श्रीगंगानगर जिले के नई मंडी घड़साना थाने में तैनात उप निरीक्षक रामेश्वर लाल को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपित एसआई परिवादी के मुकदमे में एफआर लगाने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी बीकानेर को एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें परिवादी ने आरोप लगाया कि उसके मुकदमे में एफआर लगाने के बदले उप निरीक्षक रामेश्वर लाल ने 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। परिवादी द्वारा राशि कम करने का आग्रह करने पर आरोपी 20 हजार रुपए लेने पर सहमत हो गया। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने उप महानिरीक्षक पुलिस नारायण टोगस के सुपरविजन में ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में एसीबी टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए आरोपित एसआई रामेश्वर लाल को 20 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी टीम ने आरोपी के कब्जे से रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली है। कार्रवाई के दौरान आरोपित एसआई से पूछताछ की जा रही है।

### कोबरी-सार



## सुरपुरा के ग्रामीणों ने अपना घर आश्रम में गेहूं दान किया



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा स्थित अपना घर आश्रम में मानवता, सेवा और संवेदनशीलता का एक अत्यंत भावुक एवं प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। सुरपुरा गांव से ग्रामीणों की एक सेवाभावी टोली मानवता का संदेश लेकर अपना घर आश्रम पहुंची। गांव के कृष्णाराम, गणेशराम, गोवर्धनराम एवं मदनलाल सहित अनेक ग्रामीणों ने मिलकर सहयोग और करुणा का परिचय देते हुए कनक को सम्मानपूर्वक आश्रम तक पहुंचाया। गांव से निकली यह ट्रैक्टर टोली केवल एक यात्रा नहीं थी, बल्कि सेवाए संस्कार और इंसानियत की जीवंत मिसाल बन गई। जब यह टोली अपना घर आश्रम पहुंची, तब वहां उपस्थित हर व्यक्ति की आंखों में अपनापन और हृदय में भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। यह दृश्य यह दर्शा रहा था कि आज भी समाज में ऐसे लोग मौजूद हैं, जिनके लिए मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर आश्रम सचिव सतीश झंवर ने भावुक शब्दों में कहा सुरपुरा गांव के लोगों ने जिस विनम्रता और सेवा भावना के साथ यह कार्य किया है वह पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। ऐसे कार्य मानवता में विश्वास को और अधिक मजबूत करते हैं। जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशील होना ही सच्ची इंसानियत है। आज के समय में जहां स्वार्थ बढ़ता दिखाई देता है, वहीं सुरपुरा गांव ने यह साबित कर दिया कि सामूहिक सहयोग और सेवा भाव से समाज को नई दिशा दी जा सकती है। सेवा केवल सहायता नहीं बल्कि किसी के जीवन में उम्मीद की रोशनी जलाने का नाम है। जहां मानवता जीवित रहती है, वहीं समाज वास्तव में महान बनता है।

## गैस सिलेंडर बुकिंग अंतराल 45 से घटाकर 25 दिन करने की मांग



निसं

**टमकोर ( नवयत्न )।** कस्बा टमकोर के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर झुंझुनूं व उपखंड अधिकारी मलसीसर को ज्ञापन सौंपकर टमकोर स्थित निखिल भारत गैस एजेंसी का गैस सिलेंडर बुकिंग अंतराल 45 दिन से घटाकर 25 दिन करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि टमकोर उपखंड मलसीसर का बड़ा एवं महत्वपूर्ण गांव है जिसकी आबादी लगभग 10 हजार से अधिक है। गांव के अधिकांश परिवार घरेलू गैस सिलेंडर पर निर्भर हैं। वर्तमान में निखिल भारत गैस एजेंसी से जुड़े उपभोक्ताओं के लिए सिलेंडर बुकिंग का अंतराल 45 दिन निर्धारित है जबकि उसी गांव में दूसरी एजेंसी के उपभोक्ताओं को 25 दिन में बुकिंग की सुविधा मिल रही है। ग्रामीणों ने इसे आमजन, महिलाओं एवं परिवारों के लिए बड़ी परेशानी बताते हुए कहा कि एक ही गांव में अलग-अलग नियम होने से लोगों में असंतोष व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए टमकोर में भी गैस सिलेंडर बुकिंग अंतराल 25 दिन करने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। ज्ञापन में कहा गया कि यदि बुकिंग अवधि कम की जाती है तो हजारों उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और सभी को समान सुविधा प्राप्त हो सकेगी। इस मौके पर सम्पत जांगिड़ मंडल महामंत्री भाजपा, विकास स्वामी, जगदीश प्रसाद पूर्व सरपंच, एडवोकेट संदीप सिंह एराजू सिंह शेखावत, राजपाल, सत्येंद्र, जयलाल, सुमेर कुमावत, बंसीलाल, रवि कुमावत, दिनेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पूर्व सांसद अहलावत ने किया वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान का शुभारंभ



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** प्रदेश भर में प्रारंभ हुए वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान-2026 के अन्तर्गत सोमवार को गंगा दशहरा के अवसर पर पुर्व सांसद संतोष अहलावत द्वारा पंचायत समिति सिंघाना के सामने स्थित तालाब पर विधि-विधान के साथ जल पूजन कर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण, जल संवर्धन एवं पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर सिंघाना मंडल अध्यक्ष संदीप शास्त्री, कृष्ण कुमार यादव, राजपाल सिंह तंवर, राजेश राणा, सुरेंद्र नेहरा, प्यारेलाल धनखड़, बालकिशन सोमरा, विजेंद्र जांगिड़, राजेश जैदिया, अजीत डागर, परमेंद्र पूनिया, महेंद्र राव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी ने अन्य देशों की तुलना में पेट्रोल डीजल की दरों में बढ़ोतरी को काफी हद तक संभाला है : राठौड़

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ सोमवार को सीकर आए। वे रेल में बीकानेरन से जयपुर जाते हुए कुछ समय के लिए सीकर स्टेशन पर रूके थे। प्रदेशाध्यक्ष के साथ आए प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी का जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दुपट्टा, माला व भगवान की तस्वीर भेंट कर भावभीना स्वागत किया। रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बात करते



हुए प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल डीजल की दरें बढ़ोतरी को काफी हद तक संभाला है। कहा कि पेट्रोल डीजल की दरों में बढ़ोतरी होने पर जनता पर भार पड़ता है, लेकिन जो हालात है उससे पूरी दुनिया में इसका प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में अमेरिका में 56 प्रतिशत, चाईना में 34 प्रतिशत, कहीं पर 48 तो कहीं पर 40 प्रतिशत दर बढ़ी है, वहीं हमारे देश में लगभग 4.5 प्रतिशत यह भार बढ़ा है। कहा कि कांग्रेस के शासन में 36 प्रतिशत वैट बढ़ाया था जो उस समय सही नहीं था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यथासंभव ईंधन बचाने के आव्हान के चलते वे और प्रदेश महामंत्री आदि ट्रेन में सफर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां रेल की उपलब्धता व संभवता हो वहां पर ट्रेन से यात्रा करनी चाहिए। जहां संभव नहीं हो वहीं पर अन्य व्यवस्थाएं करनी चाहिए। कहा कि संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं गृह मंत्री अमित शाह के बीकानेर दौरे की तैयारियों को लेकर वे जयपुर जंक्शन से बीकानेर के लिए ट्रेन की उपलब्धता होने पर वे ट्रेन में सफर कर रहे हैं। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, गजानंद कुमावत, श्रवण चौधरी, राजेश रोलन, रमेश जलधारी, नेमीचंद कुमावत, जितेंद्र सिंह कारंगा, मधु कुमावत, बलदेव सिंह खंडेला, प्रियंका बाजिया, डॉ. बीएल रणवां, करण सिंह, बाबुसिंह बाजौर, इंद्र शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, जयप्रकाश सैनी, श्रवण मुंड, राकेश नेहरा, परमेश्वर शर्मा, वरूण कुशलेश शर्मा, भंवरलाल जांगिड़, सुरेश कटारिया, महावीर सैन, मोहन गुर्जर, सीताराम आदि मौजूद रहे।

# कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सात दिवसीय कार्य बहिष्कार शुरू

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के आह्वान पर कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सात दिवसीय एक घंटे का कार्य बहिष्कार सोमवार से शुरू हो गया। आंदोलन के प्रथम दिन विभिन्न सरकारी विभागों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर कर्मचारियों से संवाद किया गया तथा आगामी आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया। महासंघ पदाधिकारियों ने पेंशन निदेशालय, पशुपालन विभाग, एसएमएस मेडिकल कॉलेज, पुरातत्व विभाग, रोजगार कार्यालय एवं वन विभाग सहित कई कार्यालयों में कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं



और मांगों पर चर्चा की। इस दौरान कर्मचारियों को आंदोलन की रूपरेखा से अवगत कराते हुए सात दिवसीय कार्य बहिष्कार में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई। महासंघ प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों के समाधान एवं कर्मचारी हितों की रक्षा को लेकर यह आंदोलन चलाया जा रहा है, जो अब निर्णायक चरण में पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर गजेन्द्र सिंह राठौड़, ओम प्रकाश चौधरी, देवेन्द्र सिंह नरुका, प्रभु सिंह रावत, अजयवीर सिंह सहित अन्य कर्मचारी नेता मौजूद रहे। सभी ने कर्मचारियों से एकजुट होकर आंदोलन को मजबूत बनाने की अपील की। महासंघ ने कर्मचारियों से 25 मई से प्रस्तावित कार्यालय बहिष्कार को भी सफल बनाने का आह्वान किया था।

## गरीब की दुनिया सेवा संस्था की बैठक आयोजित




हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** गरीब की दुनिया सेवा संस्था की मासिक बैठक सोमवार को लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने संस्था के सचिव परमेश्वर लाल झटावा खुर्द की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संस्था के संस्थापक रमेश काला लादूसरिया ने बताया कि बैठक में दिव्यांग मुकेश खारिया व दिव्यांग कमला गोखरी को ट्राईसाइकिल दी गई। दो बैशाखी, दो राशनकिट, दो बस पास व एक सिलाई मशीन का आवेदन लिया। संस्था के अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया और लिए गए आवेदनों की पूर्ति आगामी बैठक तक करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष भानाराम, संस्था के सलाहकार रतन बाडेट, राजेश, विराट, सुनील, अनीता, उम्मेद, मंजू, दीपिका, दिनेश, आशा, मूलचंद आदि लोग मौजूद रहे।

## बुच्चा बने पुनः अध्यक्ष

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** तेरापंथ सभा जोरावरपुरा में तेरापंथ भवन परिसर में एक साधारण सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता करते हुए बाबूलाल बुच्चा ने नमस्कार महामंत्र से शुरुआत की। उसके बाद 2024-26 वित्तीय आय व्यय हिसाब पेश किया गया। विगत वर्षों में साध्वियों के चातुर्मास में हुए धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए बुच्चा ने कहा यह सभी सफल आयोजन आप सभी के सहयोग के बिना सफल नहीं हो पाते सभी के सहयोग के लिए सभी का बहुत बहुत साधुवाद करते हुए भविष्य में लाडनूं में विराजित आचार्यश्री महाश्रमण के अधिक से अधिक सेवा दर्शन का लाभ लेने का ओर भवन निर्माण कार्य की बात कही। आगामी सत्र 2026-28 के लिए नव अध्यक्ष और मंत्री का भी चयन किया गया। चुनाव अधिकारी भीखम चंद मरोठी और उप चुनाव अधिकारी सोहनलाल पारख के सानिध्य में सम्पन्न हुए। तेरापंथ सभा, जोरावरपुरा के सभी सभा सदस्यों द्वारा बाबूलाल बुच्चा के नाम पर पुनः अध्यक्ष पद पर सभी सदस्यों की सहमति से अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित किया गया और मंत्री पद पर शांतिलाल बैद के नाम पर स्वीकृति बनी। भवन परिसर में बुच्चा और बेद के नाम की स्वीकृति के साथ ही ओम अर्हम की ध्वनि से गूंज उठा। श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, जोरावरपुरा की आम बैठक में



बाबूलाल बुच्चा को आगामी कार्यकाल 2026-28 के लिए पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर सभी समाज के सदस्यों ने हार्दिक बधाई और शुभकामना प्रेषित की और कहा यह उनके कुशल नेतृत्व, समाज और तेरापंथ धर्मसंघ के प्रति समर्पण और निष्ठा का ही परिणाम है कि समाज ने उन पर दोबारा यह भरोसा जताया है। आशा है कि उनके इस नए कार्यकाल में तेरापंथ सभा, जोरावरपुरा सेवा, संगठन और प्रभावना के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। एक बार फिर उन्हें और उनकी पूरी टीम को जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, जोरावरपुरा की ओर से बहुत-बहुत बधाई दी गई। मंत्री शांतिलाल बेद की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया गया। चुनाव अधिकारी भीखम चंद मरोठी के कहा यह समाज के लिए बहुत ही अच्छी बात है कि बिना चुनाव अध्यक्ष ओर मंत्री चयन होना। महेंद्र कुमार सुराणा, निर्मल बुच्चा, इंद्र चंद बुच्चा, ताराचंद बोथरा, मानक चंद महनोत, कन्हैयालाल बैद, सुंदरलाल बैद, प्रकाशमल बुच्चा, सुनील सुराणा, सुनील प्रकाश मरोठी, किरण चंद मरोठी आदि मौजूद रहे।

# तीस को सजेगा भव्य श्रीश्याम दरबार, पोस्टर विमोचन के साथ गूंजा श्याम नाम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बाबा श्याम के भक्तों के लिए तीस मई को लक्ष्मी नारायणपुर में भक्ति, संगीत और आस्था का भव्य संगम देखने को मिलेगा। मेरा श्याम शखा परिवार की ओर से अजमेर-दिल्ली हाईवे स्थित लक्ष्मी नारायणपुर में विशाल तृतीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार और तैयारियों के तहत सोमवार को आमेर विधायक प्रशांत शर्मा के सिविल लाइन स्थित आवास पर कार्यक्रम के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी और बड़ी



संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे। आयोजन समिति से जुड़े विक्रम शर्मा, सोनम प्रभाकर शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि संकीर्तन महोत्सव भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभर से प्रसिद्ध श्याम भजन गायक और कलाकार शामिल होंगे, जो बाबा श्याम के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। भजनों से पूरा वातावरण श्याममय हो उठेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शाम सवा 7 बजे होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दोपहर से ही विशाल भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर बैठने, पार्किंग, पेयजल सहित अन्य सुविधाओं के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्याम भक्तों का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी संकीर्तन महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचकर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाने और भक्ति रस का आनंद लेने की अपील की है।

## हजारों राहगीरों की हो रही सेवा

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** आग उगलती भीषण गर्मी से आम राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए लायंस क्लब सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न संस्थाओं के आर्थिक सौजन्य से बाइपास रोड पर स्थित प्रेम टेंट हाउस पर अनवरत शीतल एवं स्वादिष्ट पेय पदार्थ राहगीरों को पिलाया जा रहा है। हर रोज लगभग 3000 लोग शीतल एवं स्वादिष्ट पेय का आनंद ले रहे हैं। इसी क्रम में लायंस क्लब सुजानगढ़ द्वारा आमरस पिलाया गया। क्लब उपाध्यक्ष संजय गोयल, कविता गोयल के साथ ही आकांक्षा गोयल, सौम्या गोयल, मनमोहन बागड़ा, सूरजमल पंवार, सचिन सैनी, भवानी, पिंटू ने अपनी सेवाएं दी। संयोजक लॉयन संजय गोयल ने बताया कि गर्मी की तीव्रता देखते हुए इस मुहीम को निरंतर चलाने की लायंस क्लब की भरसक कोशिश रहेगी।

## संत सुरक्षा के लिए जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जैन समाज ने प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम जिला कलेक्टर सीकर को मध्य प्रदेश रीवा में आर्यिका माताजी के पदविहार के दौरान कार चालक द्वारा टक्कर मारने से दोनों साध्वियों के समाधिमरण होने पर प्रकरण की न्यायिक जांच करवाने, दोषियों पर कठोरता कानूनी कार्रवाई करवाने, संत सुरक्षा प्रोटोकॉल पद विहार कर रहे साधु को प्रशासनिक सुरक्षा साथ ही संवेदनशील इलाकों में पुलिस सहयोग ट्रैफिक नियंत्रण आदि के लिए ज्ञापन दिया। इस दौरान महेश बाकलीवाल अध्यक्ष दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, गोपाल काला अध्यक्ष दिगंबर जैन नया मंदिर, पवन छाबड़ा मंत्री दिगंबर जैन नया मंदिर, विनोद संगही कोषाध्यक्ष दिगंबर जैन नया मंदिर, किशोर संगही मंत्री जैन भवन सीकर, संजय संगही सचिव दिगंबर जैन स्कूल, विनोद मोदी, सुशील काला, प्रियंक गंगवाल आदि उपस्थित थे।

पदविहार करने वाले साधुओं को पर्याप्त सुरक्षा मिले और भविष्य में इस तरह की अवांछनीय दुःखद घटना न हो और साथ ही इस घटना की निष्पक्ष जांच हो एवं दोषियों के प्रति कठोर से कठोर कार्यवाही हो। दिगंबर जैन बड़ा मंदिर अध्यक्ष महेश बाकलीवाल एवं दिगंबर जैन नया मंदिर अध्यक्ष गोपाल काला ने बताया कि जैन साधु पूर्णतया निहत्थे पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं किसी भी प्रकार की सुरक्षा में भौतिक सुविधाओं का प्रयोग नहीं करते हैं।

समाज में संयम, करुणा और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं ऐसे संतों के साथ बढ़ती निरंतर दुर्घटना एवं हमले संपूर्ण जैन समाज के लिए चिंताजनक विषय है। साथ में भारत सरकार द्वारा संत सुरक्षा प्रोटोकॉल बनाया जाए, राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाई जाए, संतो के विरुद्ध अपराधों को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखा जाए, साथ ही ऐसी घटनाओं की पुनावर्ती नहीं हो।

# गंगादशमी पर वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान आयोजित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार एवं पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार गंगादशमी के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत राजपुरा में वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ किया गया। कार्यक्रम अमृत सरोवर भराणा जोहड़ पर आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास अधिकारी पंचायत समिति तारानगर छगनलाल छिम्पा ने कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहा वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि आमजन को जागरूक करने का





जनआंदोलन है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से जल की प्रत्येक बूंद को बचाने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान प्रशासक शिवराम सिंह सिहाग के नेतृत्व में अमृत सरोवर भराणा जोहड़ की साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाने का संदेश देते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजपुरा के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। विद्यार्थियों ने नारों एवं जनजागरूकता संदेशों के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। महिलाओं द्वारा पारंपरिक रूप से पीपल पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने राजबाला कड़वासरा के नेतृत्व में कलश यात्रा निकालकर अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के सहयोग से ग्राम विकास अधिकारी दशरथ यादव के नेतृत्व में सार्वजनिक भूमि पर पीपल के पौधों का पौधरोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रशासकीय समिति सदस्य इकबाल खां सोलंकी, भंवर सिंह बागोड़, अलीशेर जैनाण, डॉ अमित सिहाग, उम्मेद लंबोरिया, भागीरथ इंदलिया, प्रवीण कुमार, अरविंद कुमार, जगदीश इन्दलिया, वरिष्ठ सहायक महेन्द्र भाम्बू, रजनीकांत शर्मा, नरेश शर्मा, सुरेन्द्र प्रजापत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राजपुरा प्रशासक शिवराम सिंह सिहाग ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

# डॉ जुल्फिकार का नाम एशियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले के निकटवर्ती भीमसर गांव के युवा लेखक एवं शोधकर्ता डॉ जुल्फिकार ने अपनी असाधारण प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर एक बार फिर से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्वामी विवेकानंद पर शोध कार्य करने वाले डॉ जुल्फिकार ने अब एशियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नया रिकॉर्ड बनाकर अपना नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज कराया है। संस्था ने औपचारिक क्रिया सम्पूर्ण होने के बाद उनकी उपलब्धि को अधिकारिक मान्यता प्रदान की है। उन्हें यह ऐतिहासिक उपलब्धि स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और उनके संदेश को प्रदेशभर में व्यापक बनाने के लिए अब तक 80 हजार विवेकानंद कैलेंडर और 20 हजार विवेकानंद पुस्तकें नि:शुल्क वितरण करने पर मिली है। यह बेजोड़ उपलब्धि उनके निरंतर योगदान और कार्य की सार्थकता का प्रमाण है। डॉ जुल्फिकार लंबे समय से स्वामी विवेकानंद और रामकृष्ण मिशन पर शोध कर रहे हैं। उनका कार्य न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी सराहा गया है।

### इससे पहले भी तीन विश्व रिकॉर्ड से रचा कीर्तिमान

डॉ जुल्फिकार देश के ऐसे पहले भारतीय मुस्लिम शोधकर्ता हैं, जिनका नाम विवेकानंद केंद्रित कार्यों के लिए इससे पहले भी तीन अलग-अलग वर्ल्ड रिकॉर्ड पुस्तकों में दर्ज हुआ है।

### लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

भारत के साथ-साथ बांग्लादेश, श्रीलंका और सिंगापुर स्थित रामकृष्ण मठ मिशन संस्थाओं पर शोध करने वाले पहले भारतीय मुस्लिम युवा के रुप में उनका नाम दर्ज किया गया।

### यूएसए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

प्रदेशभर में 10 हजार विद्यार्थियों के बीच विवेकानंद प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर यह सम्मान मिला।

### भारत बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

वेलूर मठ सहित देश के 50 से अधिक रामकृष्ण मठों का भ्रमण तथा विवेकानंद पर 32 राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठीयों के आयोजन लिए उन्हें रिकॉर्ड में स्थान दिया गया। यह पहल शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# रैगर समाज के चुनाव सम्पन्न



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** रेगर बस्ती स्थित गंगा माता मंदिर में रविवार देर शाम को बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्मल कुमार मौर्य, उपाध्यक्ष रामसिंह रेगर, विकास फुलवारिया, मंत्री तुलसीराम सबलानिया, उपमंत्री जसपत धौलपुरिया, कोषाध्यक्ष छिगनाराम मौर्य, संगठन मंत्री गंगाराम तुनगरिया, संयुक्त मंत्री मदनलाल पटवारी, प्रवक्ता प्रकाशचंद मौर्य, प्रचार मंत्री गौतम नगलिया, संरक्षक नोरतनमल तुनगरिया, आशाराम फुलवारिया, पूनमचंद तुनगरिया, बाबूलाल सबलानिया, भागीरथ फुलवारिया, प्रभुदयाल मुसलपुरिया को नियुक्त किया गया। इनका कार्यालय 2 वर्ष के लिए होगा। नवनियुक्त अध्यक्ष व निर्मल कुमार मौर्य का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। पूर्व अध्यक्ष हनुमानमल फुलवारिया ने अपने कार्यकाल के अनुभव बताएं व सभी लोगों को नव गठित कार्यकारिणी का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। निर्मल कुमार मौर्य ने कहा समाज ने जो मेरे को जिम्मेदारी सौंपी है उस दायित्व को पूर्ण करने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर हनुमानमल फुलवारिया, बाबूलाल मौर्य, अर्जुनराम तुनगरिया, भागीरथ फुलवारिया, कन्हैयालाल धौलपुरिया, गुमानाराम मौर्य, देवाराम सबलानिया, हजारीमल मुसलपुरिया, तुलसीराम फुलवारिया, हंसराज मुसलपुरिया, मोतीलाल मौर्य, भंवरलाल फुलवारिया, सीताराम तुनगरिया, मांगीलाल फुलवारिया, नारायण मौर्य, पतराम नगलिया, बुलाराम फुलवारिया, बंशीलाल फुलवारिया, धर्माराम मोर्य, पीथाराम नगलिया, मोहनलाल मुसलपुरिया सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# भागवत कथा में हुई भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं

**जयपुर (नवयत्न)।** चांदपोल के नींदड़ राव जी का रास्ता स्थित श्री नृसिंहजी मंदिर अग्रवाल पंचायती में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को भगवान कृष्ण की बाल लीलाए गोवर्धन धारण का प्रसंग हुआ। छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। व्यासपीठ से गोपालदास महाराज ने कहा कि भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं के दर्शन करने स्वर्ग से देवी-देवता गोपी-ग्वाल बनकर बृज में आए। गोवर्धन धारण लीला में उन्होंने कहा कि इंद्र का अभिमान दूर करने और ब्रजवासियों को प्रकृति का पुजारी बनने की प्रेरणा देने के लिए ही ठाकुरजी ने गोवर्धन लीला की। समाजसेवी चंद्र मोहन बटवाड़ा, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल माताजी मंदिर के महंत चंद्रशेखर शर्मा, पं उमेश व्यास, विभिन्न मंदिरों के महंतों, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजनकर्ता महेश चंद्र अग्रवाल, पं मनमोहन शर्मा, शिवराज वर्मा, विनोद सोनी, रमेश वर्मा ने सभी का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। मंदिर समिति अध्यक्ष चेतन अग्रवाल और महामंत्री कैलाश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि सात दिवसीय कथा की पूर्णाहुति 28 मई को हवन के साथ होगी।

# ज्ञापन : पेंशनर्स ने उठाई आरजीएचएस व्यवस्था सुधारने की मांग

निसं




**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी में सोमवार को राजस्थान पेंशनर समाज की ओर से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आरजीएचएस योजना में आ रही परेशानियों के समाधान की मांग की गई। एसडीएम को दिए ज्ञापन में पेंशनर्स ने बताया कि पिछले करीब एक वर्ष से अनुमोदित अस्पतालों एवं मेडिकल स्टोर्स पर आरजीएचएस के तहत इलाज और दवाइयों को लेकर लगातार दिक्कतें आ रही हैं। कई बार पेंशनर्स को समय पर दवाइयां नहीं मिल पा रही हैं, जिससे बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार द्वारा आरजीएचएस योजना लागू किए जाने के बावजूद अनेक अस्पतालों और दवा विक्रेताओं द्वारा सुविधा देने में आनाकानी की जा रही है। पेंशनर्स ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। राजस्थान पेंशनर समाज ने मांग की है कि आरजीएचएस योजना के अंतर्गत सभी अनुमोदित अस्पतालों और मेडिकल स्टोर्स को नियमित रूप से सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए जाएं तथा पेंशनर्स को बिना बाधा इलाज और दवाइयां मिलना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों एवं पेंशनर्स ने हस्ताक्षर कर समर्थन जताया। इस मौके पर राधेश्याम जांगिड़, मोहरसिंह, संत कुमार, तुलसीराम, भगवान सिंह, रामस्वरूप गुर्जर, रमेश तिवारी, श्याम सिंह, बाबूलाल, मालीराम, ब्रह्मानंद, रामकिशन, शिवताज सिंह, विशंभर दयाल, माडूराम, मोहरसिंह, वासूदेव, विमल कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# ट्रस्ट की नीतियों के विरोध में जन सेवा समिति की बैठक आयोजित

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी में ट्रस्ट की नीतियों के विरोध को लेकर वराही देवी मंदिर में जन सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और समिति सदस्यों ने भाग लेकर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि ट्रस्ट की नीतियां आमजन और क्षेत्र के हितों के खिलाफ है, जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। जनसेवा समिति की ओर से पिछले दो माह से उपखंड कार्यालय के सामने धरना दिया जा रहा है, इसके बावजूद भी प्रशासन की ओर से मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भोपालगढ़ किले के मुख्य द्वार पर गेट हटाने का आश्वासन दिया जाता है जबकि ट्रस्ट की ओर से गेट बंद रखने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक के दौरान समिति पदाधिकारियों ने प्रशासन पर भी ट्रस्ट के साथ मिलीभगत करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बार-बार ज्ञापन और शिकायत देने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे आमजन की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। जन सेवा समिति के सदस्यों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक जनता के हित में फैसला नहीं लिया जाता और उनकी मांगों को नहीं माना जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। समिति ने आगे बड़े स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनाने की भी बात कही। बैठक में उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया तथा प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

इस मौके पर गोकुलचंद सैनी, फूलचंद सैनी, श्याम सिंह चौहान, व्यापार मंडल अध्यक्ष नवल किशोर पारीक, गजेंद्र पारीक, रमेश तिवारी, निकेश पारीक, सीताराम कुमावत, शंकर लाल सेन, भूपेंद्र सोडा, अरविंद सिंह निर्वाण, मन्नालाल सैनी, सुरेश चंद्र पारीक, लक्ष्मण सोडा, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, अरुण पारीक सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## विद्युत सप्लाई डेढ़ घंटे रहेगी बन्द

**नोखा (नवयत्न)।** जोधपुर डिस्कॉम नोखा शहर के 33 केवी जीएसएस की विद्युत सप्लाई मंगलवार सुबह 6:30 बजे से 8:00 बजे तक जीएसएस रख-रखाव कार्य को लेकर बन्द रहेगी। कनिष्ठ अभियंता शहर प्रेरणा गुप्ता ने बताया कि इस दौरान सिटी जीएसएस से निकलने वाले समस्त 11 केवी फीडर बन्द रहेंगे। जिससे सदर बाजार, नागौर रोड़, तिरुपति नगर, केसी नगर, आदर्श नगर, कांकरिया चौक, सांसी बस्ती, मस्जिद चौक, लखारा चौक, कटला चौक, जैन चौक, कुम्हारों का चौक, गांधी चौक, महावीर चौक, कर्मचारी कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी, प्रताप कॉलोनी, भगतसिंह कॉलोनी, बालाजी नगर, मोहनपुरा क्षेत्र, अगुणा बास, बाबा छोटूनाथ नगर, आरके पुरम, तहसील रोड़, सुजानगढ़ रोड़, गणेशपुरा, संतोषी चौक, संचेती खेड़ी, सलूंडिया रोड़, हस्ती नगर, लालूजी खेड़ी, जय भवानी नगर, डूडी कॉलोनी तथा सम्पूर्ण जोरावरपुरा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति डेढ़ घण्टे बन्द रहेगी।

# बस्ती से गंदा पानी हटाने की मांग, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** खेमी शक्ति मंदिर के पास बसी बस्ती के लोग इन दिनों गंदे पानी और उसकी बदबू से खासे परेशान हैं। परेशानी से निजात की मांग को लेकर प्रदीप कुमार सैनी के नेतृत्व में बस्ती के लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद एडीएम अजय कुमार आर्य जो वर्तमान में नगर परिषद प्रशासक भी हैं को ज्ञापन दिया। जिसमें बताया गया है कि नवगठित वार्ड नं 47 की एनएमटी कॉलेज के सामने की बस्ती का गंदा पानी बहकर पंचदेव मंदिर की तरफ रोड के किनारे किनारे चलता है। यह पानी प्राइवेट बस स्टैंड से खेमी शक्ति मंदिर के रास्ते और यहां बसी बस्ती के घरों के सामने इकट्ठा हो जाता है। जिससे समसपुर रोड स्थित मेडिकल कॉलेज एवं दो बड़ी निजी स्कूलों के बच्चों सहित बस्ती के लोग काफी परेशान हैं। प्रदर्शन में प्रदीप कुमार सैनी, हजारीलाल छापोला, निहाल सिंह लांबा, विजय कुमार शर्मा, रंगलाल यादव, रामकरण पायल, मनीराम सैनी, बंटी सैनी, अंजनी सैनी, राजकुमार शर्मा, कैलाश शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, विजय सोनी, संजय सोनी, श्रवण कुमार मांजू, सुशील सिगलीकर, महावीर जागीड़, सुधीर, सुरेश कुमार, सज्जन कुमार, भंवर सिंह, शहजाद, ख्यालीराम, बृजकिशोर शर्मा, अमित, विजय पायल, साजिद भाटी, विजय सैनी, भूपेन्द्र, संजय शर्मा, सुरेश सैनी सहित काफी लोग शामिल रहे।

# सांसद अमराराम ने शिविर का दौरा कर कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया

श्रवण सारस्वत




**रींगस (नवयत्न)।** राजस्थान के जनप्रतिनिधि एवं सांसद अमरा राम चौधरी ने चल रहे एनसीसी एटीसी शिविर का दौरा कर कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। शिविर में पहुंचने पर उनका स्वागत संस्थान प्रबंधन एवं एनसीसी अधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जेएस लांबा सेना मेडल ने उपस्थित कैडेट्स को सांसद अमरा राम चौधरी का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनके सामाजिक एवं जनसेवा कार्यों से अवगत कराया। इसके पश्चात सांसद अमरा राम चौधरी ने सभी कैडेट्स को सामूहिक रूप से संबोधित किया। उन्होंने युवाओं को अनुशासन, राष्ट्रसेवा एवं नेतृत्व क्षमता के महत्व के बारे में प्रेरित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन नहीं बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कैडेट्स को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर देशहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान कमांडिंग ऑफिसर एवं संस्थान के चेयरमैन द्वारा मुख्य अतिथि सांसद अमरा राम चौधरी का स्मृति चिह्न एवं शील्ड भेंट कर सम्मान किया गया। इसके उपरांत संस्थान के चेयरमैन प्रदीप कुमार शर्मा ने उपस्थित अतिथियों एवं कैडेट्स के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत हम सब भारतीय हैं एवं भारत माता की जय के जयघोष के साथ हुआ, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। इसके बाद सांसद अमरा राम चौधरी ने शिविर में चल रहे रक्तदान शिविर का भी अवलोकन किया, जहां एनसीसी कैडेट्स स्वेच्छा से जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान कर रहे थे। इस दौरान कमांडिंग ऑफिसर, सांसद एवं संस्थान के चेयरमैन ने रक्तदान कर रहे कैडेट्स से मुलाकात कर उनकी समाजसेवा की भावना की सराहना की तथा उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। अंत में सांसद अमरा राम चौधरी ने कुछ कैडेट्स से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और उनकी एनसीसी यात्रा, अनुभवों एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कैडेट्स को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

# ग्रीष्मकालीन सेवा शिविर में दिया पर्यावरण व जल संरक्षण का संदेश



निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैणास में आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन समाजसेवा शिविर के तहत विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, पर्यावरण संरक्षण एवं सेवा भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सोमवार को शिविर के दौरान वंदे गंगा जल संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संस्था प्रधान संगीता ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए पानी के महत्व एवं उसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। शिविर प्रभारी व्याख्याता जगदीश प्रसाद ने बताया कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी एवं सेवा भावना का विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और दैनिक जीवन में जल बचाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय परिसर एवं आसपास पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए तथा पौधों में नियमित रूप से पानी डालकर उनकी देखभाल की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इन गतिविधियों में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षक संदीप शर्मा, विजेंद्र सिंह सहित विद्यालय स्टाफ का सक्रिय सहयोग रहा।

# केसीसी अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

निसं



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी प्रोजेक्ट के सौजन्य से केसीसी अस्पताल में सोमवार को एक दिवसीय टीबी जांच शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केसीसी अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपिका खुराना ने विधिवत रूप से शिविर का शुभारंभ किया। डॉ दीपिका खुराना ने कहा कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से उपचार योग्य बीमारी है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, नियमित दवा सेवन और जागरूकता से टीबी को जड़ से खत्म किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं और टीबी मरीजों के प्रति भेदभाव नहीं बल्कि सहयोग एवं संवेदनशीलता का व्यवहार रखें। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता बढ़ाकर ही टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को सफल बनाया जा सकता है। मुन्नालाल जैदिया ने बताया कि भारत सरकार के राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय गहन टीबी उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है इसी के तहत केसीसी अस्पताल एवं खंड मुख्य चिकित्सा विभाग खेतड़ी के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार सुबह दस बजे से एक बजे तक निशुल्क टीबी जांच शिविर लगाया गया। डॉ भानु मान ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य देश से तपेदिक को पूरी तरह समाप्त करने के प्रयासों में तेजी लाना है। शिविर में डॉ दीपिका खुराना, डॉ भानु मान, नरेंद्र कुमार, विनोद कुमार, केशर चावला, बाबूलाल सैनी ने शिविर में 25 रोगियों की टीबी, बीपी, डायबिटीज की जांच कर नि:शुल्क दवा वितरण की गई।

# जल संरक्षण अभियान का शुभारम्भ



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा यहां छिपोलाई तालाब क्षेत्र में जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तालाब का पूजन करवाया। इसके बाद महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने लाडनूं के पारम्परिक जलस्त्रोतों प्राचीन तालाबों व बावड़ी की सुध लेने और उनका सुधार करते हुए संरक्षण किए जाने की मांग उठाई। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी हरेंद्र चौधरी ने कहा कि लाडनूं में सभी जलस्त्रोतों का काम एक साथ नहीं किया जा सकता। सबसे पहले नगर पालिका द्वारा छिपोलाई तालाब से काम शुरू किया जाएगा। छिपोलाई तालाब का जल संग्रहण के बाद पानी जमीन द्वारा सोख लिया जाने की समस्या के हल के लिए तालाब के पैंदा में कंक्रीट से पक्का करने पर भी काम किया जाएगा। पायतन से पानी की आवक बढ़ाने के लिए जेसीबी मशीन लगाई जाकर नहरों की खुदाई करवाई जाएगी ताकि बरसात का पुरा पानी फिर से तालाब में आने लगे। कार्यक्रम में नोरतनमल रैगर, लूणकरण शर्मा, पार्षद सुमित्रा आर्य, अंजना शर्मा, दीपक जांगिड़, रेणु कोचर, मंजू रैगर, राधेश्याम सांखला, मोहनसिंह चौहान, ललित सोनी, जगदीश पारीक, सुशील पीपलवा, अखिलेश पारीक, राजेन्द्र सिंह पंवार, मोहनसिंह जोधा, लक्की डिफेंस एकेडमी के शिवरतन सिंह, हर्षवर्धन चारण आदि मौजूद रहे।

# 51वीं जिला स्तरीय सब जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता आयोजित

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** 51वीं जिला स्तरीय सब जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग एस एस मोदी स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा एसएस मोदी विद्या विहार, झुंझुनू में आयोजित की गई। संघ के सचिव डॉ सुशील यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 12 तथा बालिका वर्ग में 4 टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग में टैगोर पब्लिक स्कूल गुढा ने सोफिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खेतड़ी नगर को 32-10 से तथा जी बी मोदी विद्या मंदिर झुंझुनू ने एसएस मोदी विद्या विहार झुंझुनू को 24-16 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। बालिका वर्ग में सोफिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खेतड़ी नगर ने एसएस मोदी विद्या विहार, झुंझुनू 15-8 से तथा टैगोर पब्लिक स्कूल गुढ़ा ने श्री रानी सती बालिका विद्यालय झुंझुनू को 19-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। बालक वर्ग के फाइनल में टैगोर पब्लिक स्कूल गुढ़ा ने जीबी मोदी विद्या मंदिर झुंझुनू को 42-36 से हराकर विजेता रही तथा बालिका वर्ग में सोफिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेतड़ी नगर ने टेगोर पब्लिक स्कूल गुढा को 22-3 से हराकर विजेता रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी लियाकत अली, अध्यक्षता अनिल टीबड़ा, विशिष्ट अतिथि नितिन अग्रवाल, बाबूभाई पार्षद तथा श्यामसुंदर यादव थे। अतिथियों का स्वागत आयोजन सचिव मुकेश वर्मा, संघ के अध्यक्ष अमृत प्रकाश, उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने किया। विनोद शर्मा, शत्रुघ्न गुप्ता, विनय चौधरी, डीके, नरेश यादव, विजेन्द्र सिंह, लव जोशी, सज्जना, संगीता, तुषार, विशाल, धर्मेंद्र, मोहित महला, बिलाल, रमेन्द्र सिंह, सज्जन इत्यादि ने रैफरी की भूमिका निभाई। संचालन सतवीर झाझड़िया ने किया। इस प्रतियोगिता से जिला की चयनित टीम दिनांक 12 से 14 जून तक मांगरोल, बारां में होने वाली राज्य स्तरीय सब जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

## सम्पादकीय

# घुसपैठियों की वापसी



यह अच्छा है कि पश्चिम बंगाल की नई भाजपा सरकार पहले दिन से ही राज्य के हालात सुधारने वाले एक के बाद एक ठोस फैसले लगातार ले रही है। ऐसा समय की मांग भी है, क्योंकि ममता बनर्जी ने अपने 15 साल के शासन में कई मोर्चों पर राज्य को एक तरह से पटरी से उतारने का काम किया था। इसे देखते हुए शुभेंदु सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह तेजी के साथ निर्णायक फैसले ले। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि बंगाल कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इनमें से कई चुनौतियां ममता सरकार की तुष्टीकरण की नीतियों का परिणाम थीं।

तुष्टीकरण की इन्हीं नीतियों से उपजी समस्याओं से पार पाने के लिए पिछले दिनों शुभेंदु सरकार ने एक ओर जहां मजहबी आधार पर जारी नीतियों को समाप्त करने का फैसला लिया, वहीं दूसरी ओर कानून एवं व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए भी ठोस कदम उठाए हैं। इसी सिलसिले में उसकी ओर से बंगाल में रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिह्नित करने और उन्हें निकालने के लिए जो कदम उठाने शुरू किए हैं, उनकी सराहना की जानी चाहिए। इन कदमों के तहत घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें हिरासत केंद्र में रखा जाएगा। इसके लिए सभी जिलों में हिरासत केंद्र बनाए जा रहे हैं।

सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिह्नित कर उन्हें वापस भेजना आसान काम नहीं, लेकिन राज्य और केंद्र सरकार को मिलकर यह करना ही होगा, क्योंकि एक तो उनकी संख्या बहुत अधिक है और दूसरे उनकी पहचान करना भी कठिन हो गया है। इसका कारण यह है कि तमाम घुसपैठिए फर्जी पहचान पत्र हासिल कर बंगाल के मतदाता बन चुके हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि मतदाता बने ये बांग्लादेशी घुसपैठिए राज्य के कई चुनाव क्षेत्रों के परिणाम को प्रभावित करने में उसी तरह समर्थ हो गए थे, जैसे कि असम में हो गए थे।

बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजने के अभियान को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार को बांग्लादेश सरकार से भी संपर्क-संवाद करना होगा। बांग्लादेश सरकार के सहयोग के बिना अवैध रूप से भारत आए उनके नागरिकों को वापस भेजना कठिन हो सकता है। इस कठिनाई को हल करने का काम केंद्र सरकार को अपने हाथ में लेना चाहिए। इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में बांग्लादेश से कोई घुसपैठ न होने पाए।

यह एक तथ्य है कि अभी तक संकीर्ण राजनीतिक कारणों और सच कहा जाए तो वोट बैंक की सस्ती राजनीति के कारण बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ की अनदेखी ही नहीं हो रही थी, बल्कि एक तरह से उसे बढ़ावा भी दिया जा रहा था। यह सिलसिला दशकों से कायम था। दुर्भाग्य से ममता बनर्जी ने भी इस सिलसिले पर विराम नहीं लगाया। उलटे वह घुसपैठियों के समर्थन में आ खड़ी हुई थीं।

## विशेष आलेख

# अपने भू-राजनीतिक केंद्र की ओर लौटता भारत



भारत अपने पुराने भू-राजनीतिक केंद्र की ओर लौट रहा है। क्वाड देशों के विदेश मंत्री भारत पहुंचे हैं वहीं ब्रिक्स समिट भी यहीं होनी है। विश्व कूटनीति में यह दौर 'मल्टी एलाइनमेंट' का है। एक साथ कई संबंध साधना व संतुलन बनाना। हालांकि इस प्रक्रिया में चुनौतियां बहुत हैं, पिछले ढंग छोड़ने से गहरी दरारें बनी व संबंध तनावपूर्ण हुए।

खबरें स्वागत योग्य है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सितंबर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आएंगे- खासकर क्वाड गुट के विदेश मंत्रियों की बैठक के संदर्भ में, जिसके लिए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के अलावा जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री भी राजधानी पहुंचे हैं। अगले कुछ दिनों में होने वाला भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन दुर्भाग्यवश टालना पड़ा क्योंकि इबोला वायरस का खतरा फिर से सिर उठाने लगा है।

आखिरकार, भारत अपने पुराने भू-राजनीतिक केंद्र की ओर लौटता दिखाई दे रहा है। शायद इसके पीछे डोनाल्ड ट्रम्प का पाकिस्तान के प्रति छिपाए न छिपने वाला लगाव, पश्चिम एशिया में युद्ध से अर्थव्यवस्था पर चोट, और अमेरिका-चीन के बीच संभावित प्रलंयकारी तनाव ही वे वजहें थीं, जिन्होंने ध्यान केंद्रित करवाया। आखिरकार यह हो रहा है - भले ही विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी सिबी जॉर्ज ने एक युवा नॉर्वेजियन पत्रकार को भारत की प्राचीन सभ्यतागत विरासत पर लंबा-चौड़ा भाषण दिया हो, सिर्फ इसलिए कि उस पत्रकार ने एक ऐसा सवाल पूछ लिया था, जो उन्हें नागवार लगा। यह छोटी सी कीमत है, जो चुकानी पड़ रही है। सच तो यह है कि शी जिनपिंग, व्लादिमीर पुतिन, लूला दा सिल्वा, सिरिल रामाफोसा और नरेंद्र मोदी - ये सभी कुछ ही महीनों में एक वार्ता कक्ष में मौजूद होंगे। ये सब चीन, रूस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और भारत के नेता हैं, जो ब्रिक्स संगठन के संस्थापक सदस्य हैं। क्वाड गुट के विदेश मंत्रियों की बैठक इसका संकेत है कि लंबे समय से टलता आ रहा क्वाड शिखर सम्मेलन भी जल्द ही हो सकता है। यह इस बात का पैमाना है कि चीजें कितनी बदली हैं भले ही वे पहले जैसी न हों, पिछले 12 वर्षों में, जब से प्रधानमंत्री मोदी सत्ता में आए हैं, भारत की विदेश नीति की असली कहानी यही रही है। भारत ने अमेरिका (जिसके साथ रिश्ते आजकल जरा उतार-चढ़ाव भरे हैं), इस्राइल और यूएई के साथ दोस्ती प्रगाढ़ की है; गलवान की ठंडी-बर्फीली चोटियों पर चीन के साथ आमने-सामने की स्थिति बनी; पाकिस्तान से दोस्ती का हाथ बढ़ाया, लेकिन सीमा पार से जारी आतंकवाद के लिए उसे दंडित भी किया; अपने पड़ोस के अन्य भागों (जैसे बांग्लादेश और श्रीलंका) के साथ रिश्तों को नए सिरे से गढ़ने की कोशिश की; और नीदरलैंड्स के साथ बराबर की हिस्सेदारी बनाई है। जहां तक नॉर्वे की बात है, तो हम यह जान चुके हैं कि छह अक्षरों के इस नाम में यदि वर्णमाला का 18वां अक्षर हटा दें तो बेहतर तरीके से पुनः व्यवस्थित कर सकते हैं। क्योंकि भारत ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है तो ऐसा भी नहीं है कि कोई नया अंतर्राष्ट्रीय समीकरण बनने वाला है। पिछले से पिछले हफ्ते बीजिंग में ट्रंप का दौरा हमें बताता है कि चीन अमेरिकियों से टकराव करने से बचता रहेगा, क्योंकि अमेरिका उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना हुआ है। वहीं, गत सप्ताह बीजिंग में पुतिन के दौरे से पता चलता है कि यूक्रेन के साथ अपने गतिरोध वाले युद्ध के चौथे साल में, और पश्चिमी देशों के छिद्र-दार प्रतिबंधों की मदद से, रूस अहम संबंधों,जैसे कि चीन और भारत, को स्थिर रखने की कोशिशें जारी रखेगा। (रूस को पता है कि अमेरिका के साथ चीन के आर्थिक रिश्ते, रूस के प्रति चीन के रवैये को सीमित रखेंगे, भले ही दोनों देश अन्य मामलों पर कितनी भी सहमति क्यों न रखते हों)।

चलिए, हम इस दौर का नाम नए दोस्त तलाशने और लोगों को प्रभावित करना रख देते हैं- यहां तक कि वे समाज के उच्च वर्ग यानी संभ्रांत तबके के लोग भी जो देशों को चलाने का काम करते हैं, वे भी उस भावना को समझते हैं जो बहु-संबद्धता में निहित है। यह दुनिया की हकीकतों से मुंह मोड़ना नहीं, जैसा कि गुटनिरपेक्षता में था, बल्कि यह दुनिया से और भी ज़्यादा जुड़ाव है।

अब जबकि भारत अपनी आज़ादी के 80वें साल में प्रवेश कर रहा है, उसे यह बात समझ आ गई कि एक क्षेत्रीय शक्ति के तौर पर, जिसे अपनी परिस्थितियों का सर्वोत्तम उपयोग करना है, उसके लिए बहु-संबंध बनाना ही सबसे उपयुक्त रास्ता है।

ऐसा नहीं कि भारत ने अपनी बात खुलकर नहीं कही, तब भी जब पूर्व सोवियत संघ के साथ उसके संबंध गठबंधन जैसे थे। जब 1958 में बोरिस पेस्टरनाक को उनकी किताब डॉक्टर ज़िवैगो के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला, तो जवाहरलाल नेहरू ही थे जिन्होंने लेखक को स्वीडन जाकर मेडल लेने की अनुमति दिलवाने में अगुवाई की थी। (हालांकि सोवियत संघ ने उनकी भी नहीं सुनी)।

ऐसे और भी कई उदाहरण याद आते हैं। इंदिरा गांधी द्वारा मुस्कुरा कर जवाब देने से लेकर - जो उन्होंने एक अमेरिकी पत्रकार को दिया था जब उसने पूछा कि भारत वामपंथी है या दक्षिणपंथी -जिस पर उन्होंने कहा:'हम तो सीधे खड़े हैं' - अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा वर्ष 2000 में बिल क्लिंटन को भारत आने का निमंत्रण देने तक, जबकि दो साल पहले ही अमेरिका ने भारत के परमाणु परीक्षणों के कारण उस पर प्रतिबंध लगा रखे थे। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत में पांच शानदार दिन बिताए; वे जहां भी गए, उनका ज़ोरदार स्वागत हुआ (जबकि पाकिस्तान में उन्होंने कड़े सुरक्षा घेरे में महज़ पांच घंटे बिताए)। उन्होंने भारत में इतना आनंद लिया कि फिर इससे कोई फ़र्क ही नहीं पड़ा कि किसने किसे सज़ा दी थी और किसने किसको माफ़ किया। यही कारण है कि 'कोट-टेल स्कूल ऑफ़ डिप्लोमेसी' (किसी शक्तिशाली देश की छत्रछाया में रहकर लाभ उठाने की कूटनीति)-जैसा जापान और आसियान देश बीते कई दशक से कर रहे हैं-भारत के संदर्भ में कारगर नहीं हो सकते।


यह देश इतना विशाल, अलग, विविध व जटिल है कि इसे किसी एक तय ढांचे में फ़िट नहीं किया जा सकता। यही वजह कि उत्तर प्रदेश में लागू की गई 'एक ज़िला, एक व्यंजन' नीति-जिसमें एक भी व्यंजन मांसाहारी नहीं-बाकी जगह असफल होना तय है। अपनी भोजन नीति को कुछ विस्तार देते हुए,भाजपा ने यह बात समझ ली है कि जिन उत्तर भारतीय राज्यों में उसकी सरकारें हैं, वहां लागू किए गए गोमांस प्रतिबंधों को वह पूर्वोत्तर भारत में अपने सहयोगी दलों पर थोप नहीं सकती।

यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति का अपने मूल भू-राजनीतिक केंद्र की ओर लौटना स्वागत योग्य कदम है। चुनौतियां बहुत बड़ी हैं, क्योंकि इस भटकाव के कारण कुछ मुल्कों से दरारें और गहरी हो गईं, कुछ के साथ रिश्तों में खिंचाव आया, और कुछ संबंध तो पूरी तरह टूट गए। यह भी उतना ही सच है कि इस भटकाव ने हमें एक कीमती सबक सिखाया है: 'भरोसा करो, लेकिन सत्यापना जरूरी है'। राष्ट्रीय स्वयंसेवक नेता दत्तात्रेय होसाबले ने प्रधानमंत्री मोदी से पाकिस्तान के साथ रिश्ते सामान्य करने की जो अपील की है - यह कहकर कि अपनी सीमाएं स्थिर रखें और चौकस रहें - यह नीति 'भरोसा करो, लेकिन सत्यापना जरूरी है' सिद्धांत का एक जरूरी हिस्सा है, जो सर्वकालिक महागुरु चाणक्य ने पहली बार दिया था (वाजपेयी और मनमोहन सिंह की तरह, 1980 के दशक की शुरुआत में देंग शियाओपिंग की विदेश नीति का पहला काम सीमाओं को स्थिर करना ही था; इन भद्रपुरुषों ने यह बात अच्छी तरह समझ ली थी कि शांत आस-पड़ोस देश में अंदरूनी शांति रखने का सूत्र है)।

ब्रिक्स और क्वाड, दोनों का फिर से सक्रिय होना अच्छा संकेत है, क्योंकि ये दोनों ही स्थिरता के केंद्र हैं। बांग्लादेश में एक राजनीतिक खिलाड़ी को भेजना, इसी सोच का विस्तार है। सोनिया गांधी के मायके, इटली के साथ रिश्तों को और मधुर बनाना,महान इतालवी दार्शनिक मैक्यावली की सोच के अनुरूप एक छोटा सा संकेत था।

## स्वास्थ्य समाचार

# शरीर में दिखने वाले यह अनजाने कारण हैं हार्ट अटैक का संकेत



मौजूदा वक्त में कई व्यक्ति किसी न किसी तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से जुझते रहते है। कई बढ़ती उम्र के कारण बीमार हो जाते है तो कई को अचानक कोई बीमारी घेर लेती है। इन्हीं सब बीमारियों में से एक घातक बीमारी हार्ट अटैक है। जैसा कि हम जानते है कि हार्ट अर्थात दिल हमारे शरीर का एक अभिन्न अंग है। इसके बिना कोई भी इंसान अपनी जीवन की परिकल्पना नहीं कर सकता है। आजकल ऐसे कई रोग है जो इंसान कि जान तुरंत ले लेता है। इन्हीं में से एक है हार्ट अटैक जिससे इंसान कि जान तुरंत जा सकती है।

### नींद में कमी आना

अगर आप प्रतिदिन पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे है, जिसके कारण आपका स्वभाव चिड़चिड़ा होते जा रहा है। ऐसी स्थिति में आपको दिल का दौरा पड़ने की संभावनाएं बढ़ जाती है। एक अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने ये बताया कि जो लोग आमतौर पर रात में 6 घंटे से कम सोते हैं, उन्हें दिल का दौरा पड़ने की संभावना सामन्य व्यक्ति से दोगुनी हो जाती है। कम नींद की वजह से इंसान कि रक्त की गति भी बढ़ जाती है। जो दिल के स्वास्थय के लिए अच्छा नहीं माना जाता है।

### सांस फूलना या सांस लेने में परेशानी आना

अगर किसी व्यक्ति को अचानक या हल्के-फुल्के काम से सांस लेने में दिक्कत आने लगे या सांस फूलने लगे तो उसे समझ लेना चाहिए कि उसका दिल सही से काम नहीं कर रहा है। शरीर में आने वाले ये बदलाव हार्ट अटैक के सीधे लक्षण को दिखाता है।

### चक्कर आना या घबराहट महसूस करना

इंसान का दिल जैसे-जैसे कमजोर होने लगता है, वह सही से इंसान के पुरे शरीर में रक्त का संचार नही कर पाता है। जिसकी वजह से व्यक्ति के दिमाग में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नही मिल पाता है। इसी कारण इंसान को चक्कर आने की स्थिति पैदा हो जाती है। उसे हर छोटी से छोटी बात को लेकर घबराहट होने लगती है। इंसान के ये बदलाव हार्ट अटैक के गंभीर लक्षणों को दर्शाता है।

### धड़कनो मे तेजी व अधिक पसीना आना

कई बार इंसान को अचानक तेज पसीना आने लगता है। जबकि पसीना आने का कारण न तो शारीरिक श्रम होता है और न ही तेज गर्मी। इस तरह की कमजोरी हमारी दिल के कमजोरी को दर्शाता है। और ये हार्ट अटैक के लक्षण भी माने जाते हैं। कई बार हमारी दिल की धड़कनें काफी तेज या बहुत धीमी हो जाती है। यह भी हमारी दिल कि कमजोरियों को दर्शाती है। हमे ऐसा महसूस होता है जैसे हमारा दिल सिकुड़ रहा है। इस कारण हमें तेज घबराहट भी होने लगती है। इस तरह के लक्षण को हमें कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ये हार्ट अटैक के प्रभावी लक्षण माने जाते हैं। हार्ट अटैक भी अन्य बीमारियों कि तरह एक बीमारी है। अगर हम इसके लक्षणों पर सही से ध्यान दें तो हम इस जानलेवा बीमारी से समय रहते पार पा सकते है और ठीक हो सकते है।

### शरीर के किसी भाग में सूजन

हमारा दिल शरीर के सभी अंगों में रक्त पहुंचाने का कार्य करता है। ऐसे में जब हमें हार्ट संबंधी दिक्कतें आती है तो दिल को शरीर के सभी भाग में रक्त पहुंचाने में अधिक मेहनत करनी पड़ती है। जिसके कारण शरीर में सही तरह से रक्त का संचार नही हो पाता है। जिस-जिस भाग में रक्त का संचार सही से नहीं हो पाता है शरीर के उस भाग में सूजन आ जाती है।

# क्या आपके पेट से भी आती है गुड़गुड़ की आवाज? इसके बचाव के तरीके



असल में पेट से आने वाली गुड़गुड़ाने की आवाज़ के पीछे कुछ वजहें होती हैं। जिनमें से मुख्य हैं- भूख लगना, हाज़मा सही ना होना और तेज मसालेदार खाने का सेवन करना।

**खाना पचाने में मदद करना :** जी हां, पेट से आने वाली गुड़गुड़ की आवाज़ का सम्बन्ध पाचन क्रिया से भी है। दरअसल,खाने के हमारी छोटी आंत में पहुंचते ही, शरीर से एंजाइम्स निकलने शुरू हो जाते हैं, जिनकी सहायता से खाना पचाने में मदद मिलती है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान गैस और पचे हुए खाने का मूवमेंट डाइजेस्टिव ट्रैक्ट में होता है, फलस्वरूप हमें पेट से गुड़गुड़ की आवाज़ सुनाई देती है।

**भूख लगने पर :** आपने महसूस किया होगा कि भूख लगने पर अक्सर हमारे पेट से गुड़गुड़ की आवाज़ आती है। इसके पीछे की मुख्य वजह है शरीर द्वारा एसिड्स और एंजाइम्स का निर्माण। दरअसल, खाना पचाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए शरीर एसिड्स और एंजाइम्स का निर्माण करता है और पेट चूंकि खाली होता है तो इसमें से रह-रहकर आवाज़ आनी शुरू हो जाती है। ख़ास कर तब तक, जब तक की आप कुछ खा नहीं लेते।

**पानी पिएं :** पेट से आने वाली गुड़गुड़ाने की आवाज़ को शांत करने का सबसे आसान उपाय है पानी पीना। जी हां, आपने भले ही खाना खा लिया हो या आप भूखे पेट हों दोनों ही मामलों में पानी पीना आपके लिए फायदे का सौदा है। दिन भर में यदि आप उचित मात्रा में पानी पीते हैं, तो आपको पेट की इस समस्या से काफी हद तक आराम मिल जाएगा।

**खली पेट नहीं रहें :** कोशिश करें कि दिन में थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ ना कुछ जरूर खाएं। खाली पेट नहीं रहें, इससे आपके पेट में गैस बनेगी जिसके चलते पेट से गुड़गुड़ की आवाज़ आनी शुरू हो सकती है।



**चबा-चबा के खाएं :** खाना हमेशा चबा-चबा के खाएं इससे आपकी पाचन क्रिया आसान होगी और आपने जो कुछ भी खाया है, उसे पचा पाना शरीर के लिए भी आसान होगा। इससे आपका पेट भी ठीक रहेगा और गैस आदि की दिक्कतों के साथ ही पेट से आने वाली आवाज़ भी काफी हद तक शांत हो जाएगी।

**एसिडिक और तेज मसाले वाले खाने से बचें :** एसिडिक और तेज मसाले वाला खाना यदि आप नियमित रूप से खा रहे हैं तो इससे बचें। यह ना सिर्फ आपको गैस संबंधी दिक्कत से दो-चार करवाएगा, बल्कि पेट की अन्य गंभीर समस्या भी ऐसे खाने से हो सकती हैं। ऐसे में यदि आप पेट से आने वाली गुड़गुड़ की आवाज़ से पीड़ित हैं तो ऐसे खाने को सीमित मात्रा में और कभी-कभार ही खाएं।

**शांत रहे :** कुछ तनावपूर्ण स्थितियों में जैसे कि नौकरी के लिए साक्षात्कार, कार्य और इंटरव्यू, या टेस्ट के दौरान पेट का गड़गड़ाना अधिक हो सकता है। इसका कारण यह है कि पेट चाहे भरा हो या खाली इस के बावजूद, चिंता की कारण आंतो की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। तनावग्रस्त होने से पाचन धीमा हो जाता है और अपच की समस्या होने लगती है, इसलिए पेट से आवाज आती है। ऐसे में गहरी साँस लेकर या प्राणायाम कर, चिंता और तनाव के स्तर को कम कर सकते हैं।



## आज का राशिफल

### मेष

नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### वृष

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### मिथुन

किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

### कर्क

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### सिंह

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### कन्या

यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### तुला

स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### वृश्चिक

दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### धनु

पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### मकर

भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### कुंभ

घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

### मीन

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

# कार्यालय ग्राम पंचायत ढिगाल
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/38 दिनांक :- 22-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 30.00 | ZJU2627A 0218 | ZJU2627GLRC 00393 | 2026_PRD_ 562410_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत ढिगाल
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढिगाल
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

# कार्यालय ग्राम पंचायत पुजारी की ढाणी
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/0024 दिनांक :- 21-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0217 | ZJU2627GLRC 00392 | 2026_PRD_ 562403_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत पुजारी की ढाणी
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पुजारी की ढाणी
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

# कार्यालय ग्राम पंचायत देवगांव
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/77 दिनांक :- 25-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0219 | ZJU2627GLRC 00394 | 2026_PRD_ 562389_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत देवगांव
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवगांव
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

# कार्यालय ग्राम पंचायत कसैरू
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/74 दिनांक :- 20-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0220 | ZJU2627GLRC 00395 | 2026_PRD_ 562374_1 |
| 2 | ग्राम पंचायत कसैरू के ग्राम अजितपुरा के आंगनबाड़ी केन्द्र चार दिवारी निर्माण कार्य३ | 5.00 | ZJU2627A 0221 | ZJU2627WSOB 00369 | _ |
| 3 | ग्राम कसैरू में पिराना जोहड़ श्मशान भूमि की चार दिवारी निर्माण एवं छाया पानी की व्यवस्था | 10.00 | ZJU2627A 0222 | ZJU2627WSOB 00397 | 2026_PRD_ 562379_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत कसैरू
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कसैरू
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)


# राजस्थान पेंशनर समाज निकाली आक्रोश रैली

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा द्वारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जांगिड़ के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी के माध्यम से राजस्थान सरकार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि आरजीएचएस योजना में अनुमोदित, चिकित्सालय और फार्मा स्टोर से इलाज और दवा बिना किसी व्यवधान के नियमित रूप से उपलब्ध करवाने की सुचारू व्यवस्था की जाए। इससे पूर्व पेंशनर भवन बस स्टैंड के पास से नारे लगाते हुए पेंशन समाज के लोगों ने उपखंड कार्यालय गढ़ परिषद तक आक्रोश रैली निकाली।

गढ़ परिसर के आगे हुई बैठक में जय सिंह राठौड़ ने ज्ञापन का वाचन कर सभी को अवगत करवाया। रामदेव शर्मा, मदनलाल जाखड़, हनुमान सिंह ने भी बैठक को संबोधित किया। ओमप्रकाश जांगिड़ ने बताया कि मुख्य मांग है कि आरजीएचएस योजना को बीमा मोड पर नहीं दिया जाए, इस योजना की आउट डोर और इन डोर उपचार व्यवस्था को यथावत रखा जाए, आरजीएस योजना में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं होने की अवधि में जिन पेंशनर्स ने नगद राशि भुगतान कर उपचार लिया है, उनको उक्त राशि का पुनर्भरण करवाया जाए।

योजना में बार-बार होने वाली रुकावट का प्रभावी समाधान किया जाए। इस अवसर पर पीरुमल भोभरिया, सांवरमल दर्जी, रघुनाथ प्रसाद धर्ड़, भागीरथ खिचड़, हरिराम शर्मा, विजय कुमार स्वामी, दिनेश भाटी, सोहनलाल चबरवाल, भागीरथ मंडार, घनश्याम मिश्रा, फूल मोहम्मद, खादिम हुसैन, नरपत सिंह बीका, लिछमण राम टांडी, ओम प्रकाश इंदौरिया, देवकीनंदन सोनी, सांवरमल बड़जाती, पन्नालाल सोनी, रामावतार, उम्मेद सिंह, फकीरचंद दानोदिया, जयप्रकाश तम्रायत, अल्लादीन खां, रामावतार शर्मा, भंवर सिंह, बिहारी लाल, कल्याण सिंह चारण, तुलछाराम प्रजापत, नंदकिशोर सैनी सहित सैंकड़ों की संख्या में पेंशनर उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंचिय संचालन मोहम्मद अनवर कुरैशी ने किया।

# फर्जी पहचान से ट्रक हड़पने वाले आरोपी को 3 साल की सजा

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, क्रम-2, श्रीमाधोपुर ने अपने एक निर्णय में 12 साल पुराने धोखाधड़ी के एक मामले में फर्जी आईडी लगाकर ट्रक खरीदने और धोखाधड़ी करने के मामले में मुख्य आरोपी महिपाल को दोषी करार देते हुए 3 वर्ष के कारावास और 20 हजार रूपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। वहीं सह आरोपी राजू उर्फ राजेन्द्र को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। अभियोजन अधिकारी दीपक भातरा ने बताया कि परिवादी कैलाशचन्द ने जरीये इस्तगासा पुलिस थाना खण्डेला में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 मार्च 2014 को आरोपी उसके गांव भोजपुर आए और उसका ट्रक को 6 लाख 25 हजार रुपये में खरीदने का सौदा तय किया। आरोपियों ने 2 लाख 30 हजार रुपये अग्रिम अदा किए और शेष राशि फाइनेंस कंपनी को 36 किश्तों में चुकाने का इकरार किया।

मुख्य आरोपी महिपाल ने छल और बेईमानी पूर्वक किसी धर्मेन्द्र कुमार का नकली आधार कार्ड इस्तेमाल किया और उस पर स्वयं की फोटो लगाकर 7 अप्रैल 2014 को विक्रय इकरारनामा तैयार करवाया। आरोपियो द्वारा न तो किस्तें चुकायी गयी और न ही दिया गया पता सही पाया गया बल्कि पते में भी फर्जीवाड़ा पाया गया जिस पर पुलिस थाना खंडेला के द्वारा दिनांक 22 जून 2015 को उक्त आरोपीगण महिपाल व राजु उर्फ राजेंद्र के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट पेश की। अभियोजन पक्ष ने अपने समर्थन में 6 गवाह तथा 14 प्रदर्श प्रस्तुत किये। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद महिपाल पुत्र जगनाराम निवासी वार्ड नंबर 5, राधाकिशनपुरा, सीकर को उक्त सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोज अधिकारी दीपक भातरा ने पैरवी की।

# देवालयों में सजी गंगावतरण की झांकी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ज्येष्ठ शुक्ल दशमी सोमवार को गंगा दशहरा के रूप में मनाई गई। कई शुभ योग-संयोग में पतित पावनी मां गंगा का पूजन किया गया। गोविंद देवजी मंदिर के पीछे जय निवास उद्यान स्थित गंगा गोपाल जी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा मैया का पूजन किया। भक्तों को गंगा जल प्रसाद रूप में दिया गया। स्टेशन रोड स्थित गंगा माता मंदिर में गंगा मैया का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई गई। ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया गया। चौड़ा रास्ता स्थित गंगा माता मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। विभिन्न संस्थाओं की ओर से गंगा जल का वितरण किया गया। गलता तीर्थ स्थित गालव गंगा का पूजन किया गया। स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में गालव गंगा की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने गंगा लहरी के पाठ किए। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में गंगा दशमी पर जल यात्रा की झांकी सजाई गई। ठाकुरजी और राधाजी ने आधे घंटे तक जल विहार किया। गंगा दशहरा पर हस्त नक्षत्र, रवि योग, व्यतिपात योग, आनंद योग, गुरु-चंद्रमा की युति गजकेसरी योग सहित पांच विशेष शुभ योग रहे। इन शुभ संयोगों में गंगा स्नान, दान, जप-तप, तर्पण और पूजा-अर्चना की गई। उल्लेखनीय है कि दशमी तिथि का प्रारंभ 25 मई को प्रात: लगभग 4:30 बजे से हो गया था। इसका समापन 26 मई को प्रात: लगभग 5:10 बजे होगा। गंगा दशहरा को ही मां गंगा का स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। ब्रह्म पुराण के अनुसार इस दिन किए गए गंगा स्नान और दान से तीन कायिक, चार वाचिक और तीन मानसिक दोषों का शमन होता है। यही कारण है कि इस तिथि को दशहरा कहा गया है। ज्येष्ठ अधिक मास के सोमवार को गंगा दशमी होने से शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का पूजन किया गया। बड़ी संख्या में छोटीकाशी के श्रद्धालुओं ने देश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों पर आस्था की डुबकी लगाई।

# गंगा दशमी पर 20 बटुकों का हुआ सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार



**जयपुर ( नवयत्न )।** गंगा दशमी के पावन अवसर पर कनक घाटी स्थित राधा माधव मंदिर में आयोजित सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार समारोह में 20 ब्राह्मण बटुकों का जनेऊ संस्कार वैदिक रीति-रिवाज और अभिजीत मुहूर्त में संपन्न हुआ। वहीं कार्यक्रम गोविंद देव मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य एवं आशीर्वाद में आयोजित किया गया। समारोह में हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। राज्यपाल ने भगवान की पूजा-अर्चना कर ब्राह्मण बटुकों को यज्ञोपवीत धारण कराया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुए इस आयोजन में संत-महंतों ने यज्ञोपवीत संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे सनातन परंपरा और संस्कारों का आधार बताया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ब्राह्मण समाज की गौरवशाली परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है। इस कार्यक्रम में सरस निकुंज के शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज, प्रवीण बड़े भैया, सुदर्शनाचार्य महाराज, पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत रामरजदास महाराज, परकोटा गणेश मंदिर के महंत अमित शर्मा एवं धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडेय सहित अनेक संत-महंत मौजूद रहे। वेदाचार्य डॉ प्रशांत शर्मा ने 11 पंडितों के साथ वैदिक विधि-विधान से संस्कार संपन्न करवाया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रों की स्वर लहरियों से गुंजायमान रहा।

# मूक परिंदो के लिए लगाए परींडे



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री अग्रवाल महिला सम्मेलन द्वारा अधिक मास, नौतपा व ज्येष्ठ की भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए हैं। महिला सम्मेलन की अध्यक्ष बबीता मंगलूनिया की अध्यक्षता में तथा संरक्षक मीरा गुप्ता के सानिध्य में महिला सम्मेलन की सदस्यों द्वारा श्री राम सेतु हनुमान मंदिर, करंट बालाजी मंदिर, गणेशीराम झंवर उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय नं 10 में परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई। महिला सम्मेलन की महामंत्री सुमन मिरनका ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ.साथ शारीरिक व मानसिक व्यायाम तथा अन्य गतिविधियां भी आवश्यक है। तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष अनु तोदी, किरन कंदोई, सुमन जाजोदिया, स्नेहलता अग्रवाल, दीपिका मोर, सरिता रामगढ़िया, स्वनंदा म्हेण, दीपिका, पूनम प्रजापत तथा स्टाफ के सदस्यों ने पूरा सहयोग दिया। झंवर स्कूल की प्रधानाचार्या कुसुम शर्मा ने महिला सम्मेलन के पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया। सदस्यों ने भविष्य में विद्यालय में इस प्रकार के और कार्यक्रम करवाने का आश्वासन दिया।


**कार्यालय नगर परिषद्, झुन्झुनू (राज.)**

क्रमांक :-स्टोर/2026-27/2566 दिनांक :- 20.05.2026

**निविदा सूचना संख्या 03/2026-27**
(NIB Code- DLB2627A1979)
कुल राशि – 5.99 लाख

नगर परिषद झुन्झुनूं की और से कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से मोहरबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 27.05.2026 दोपहर 1.00 बजे तक निविदा शुल्क जमा करवाकर इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। पूर्णतया भरी हुई निविदाए दिनांक 27.05.2026 को सांय 2.00 बजे तक वापिस प्राप्त की जाकर उसी तिथि को सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। उक्त निविदा के सम्बन्ध में अधिक जानकारी राजस्थान लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.raj.nic.in) देखी जा सकती है। कार्य दिवस में कार्यालय मे भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त
नगरपरिषद, झुन्झुनूं

राज.संवाद/सी/26/3375

# आम सूचना

मैं मनोज सैनी पुत्र चोथमल सैनी, जाति-माली, निवासी-व्यापारियो का मोहल्ला पिलानी तहसील पिलानी जिला झुन्झुनू (राज.)। यह कि मोहित सैनी मेरा जाईन्दा पुत्र है। मेरा पुत्र मोहित सैनी आज-कल मेरे व मेरी पत्नी के कहे अनुसार नहीं चल रहे है तथा हमसे अलग रहता है, हमारी कोई सेवा सुश्रुषा नहीं कर रहा है व ना ही हमारी किसी प्रकार से कोई भरण-पोषण की व्यवस्था कर रहा है। हमारी वृद्ध अवस्था में किसी प्रकार की कोई सुध नहीं ले रहा है। इसलिए मैंने मेरे पुत्र मोहित सैनी को हमारी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया हैं तथा मेरे पुत्र मोहित सैनी से कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई व्यवहार या लेन देन नही करे। अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो वह स्वंय जिम्मेवार होगा जिसके लिए मैं व मेरी पत्नी कमलेश सैनी कतैई जिम्मेदार नहीं रहेगें।

# कार्यालय ग्राम पंचायत जोगलिया
## पंचायत समिति, सुजानगढ़

क्रमांक :- 90-96 दिनांक:- 25/5/26

ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत जोगलिया द्वारा मनरेगा एवं ग्रामीण पंचायती राज के तहत कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत विभिन्न योजनाओं के कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई जिसकी विस्तृत जानकारी हेतु sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर जाकर देखी जा सकती है।

NIB NO. ZCR2627A0224
UBN NO. ZCR2627GLOB

प्रशासक
ग्राम पंचायत जोगलिया

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जोगलिया

# कार्यालय अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण एंव किशोर गृह बाल अधिकारिता विभाग

**( प्रिंस एकेडमी के पास पालवास रोड सीकर )**

Email.dcrsikar@gmail.com

क्रमांक :- 391 दिनांक:- 20.05.2026

नीलामी विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल अधिकारिता विभाग के अधीन संचालित कार्यालय राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह सीकर में इलेक्ट्रोनिक सामान की खुली बोली द्वारा दिनांक 02.06.2026 को निस्तारण किया जायेगा। इच्छुक बोलीदाता दिनांक 02.06.2026 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक उपस्थित होकर निर्धारित धरोहर राशि 4350/- जमा करवाकर खुली बोली में भाग ले सकता हैं, बोली की प्रारम्भिक राशि 4700/- रूपये है। नीलामी की शर्ते एवं नियम कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यदिवस में देखी जा सकती है। बोली स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार नीलामी कमेटी को होगा।

अधीक्षक
राजकीय सम्प्रेक्षण एंव किशोर गृह
सीकर (राज.)

DIPR/C/9082/2026

## क्वालीफायर-1

# बेंगलुरु की नजर लगातार दूसरे फाइनल पर

## जो जीता वो सीधे पहुंचेगा फाइनल में

धर्मशाला, एजेंसी। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को यहां गुजरात टाइटंस का सामना करेगी। उसकी नजरें लगातार दूसरे फाइनल पर हैं। अब अगर उसे सीधे खिताबी मुकाबले में जगह बनानी है तो उसे गुजरात के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करना होगा।

### बराबरी की टक्कर

दोनों टीमों ने 14 मैचों में 18 अंक के साथ लीग चरण के अपने अभियान का समापन किया, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण आरसीबी शीर्ष स्थान पर रहा। इसके अलावा आंकड़ों में भी दोनों टीमें बराबरी पर हैं, दोनों ने अब तक आपस में चार-चार मैच जीते हैं।

बेंगलुरु और गुजरात इस सत्र की दो सबसे संपूर्ण टीमें रही हैं, हालांकि रजत पाटीदार के नेतृत्व में आरसीबी ने आक्रामक बल्लेबाजी और पिछली प्रतियोगिताओं की तुलना में कहीं अधिक भरोसेमंद गेंदबाजी इकाई के दम पर अभियान बढ़ाया। मौजूदा चैंपियन टीम आरसीबी को बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम में दिग्गज विराट कोहली के अनुभव और गेंदबाजी में जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार के शानदार प्रदर्शन से काफी फायदा हुआ।

### टाइटंस का दमदार प्रदर्शन

जहां तक गुजरात का सवाल है तो उसने अपने दमदार गेंदबाजी आक्रमण और शीर्ष क्रम के शानदार प्रदर्शन के दम पर प्लेऑफ में जगह बनाई है। उसकी बल्लेबाजी में कप्तान शुभमन गिल, कौशल से परिपूर्ण साई सुदर्शन और विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ गुजरात की गेंदबाजी सबसे प्रभावशाली रही है। मोहम्मद सिराज, कैगिसो रबाडा और प्रसिद्ध कृष्णा की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने नई गेंद से लगातार विकेट लिए हैं, वहीं राशिद खान और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर ने बीच के ओवरों में शानदार नियंत्रण बनाए रखा है। गुजरात ने अपने आखिरी लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 89 रन से हराया और उसकी टीम नॉकआउट मुकाबले में अच्छी लय के साथ उतर रही है। राशिद खान और आरसीबी के बल्लेबाजों के बीच मुकाबला निर्णायक साबित हो सकता है, हालांकि कप्तान पाटीदार का स्पिन के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार रहा है।

#### इनके बीच होगा मुकाबला

### कोहली बनाम रबाडा

कोहली और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज रबाडा के बीच का मुकाबला मैच का परिणाम तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। धर्मशाला में मिलने वाली अतिरिक्त उछाल को देखते हुए यह महत्वपूर्ण होगा जिसमें गुजरात के तेज गेंदबाजों के शुरुआती आक्रमण का सामना करने की कोहली की क्षमता आरसीबी के पावरप्ले का रुख तय कर सकती है।

### सिराज बनाम साल्ट

मोहम्मद सिराज के खिलाफ फिल साल्ट का आक्रामक रवैया शुरुआती गति तय कर सकता है। उंगली की चोट का इलाज कराने के बाद वापस लौटे साल्ट विशेष रूप से प्लेऑफ में खेलने के लिए आए हैं। इससे आरसीबी की बल्लेबाजी को मजबूती मिली है।

### हेजलवुड बनाम गिल

दूसरी तरफ हेजलवुड के साथ ही भुवनेश्वर भी दूधिया रोशनी में गिल और सुदर्शन की परीक्षा लेंगे। आरसीबी के तेज गेंदबाजों ने इस सत्र में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दी है। गुजरात की शीर्ष तीन बल्लेबाजों पर निर्भरता को देखते हुए शुरुआती छह ओवर बेहद महत्वपूर्ण होंगे।




## बेंगलुरु और गुजरात के पहले क्वालीफायर में इन 5 खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेंगी सभी की नजरें

आईपीएल 2026 अब अपने अंतिम पड़ाव में है. 19वें सीजन के लीग स्टेज के सभी 70 मैच खत्म हो गए हैं. अब मंगलवार, 26 मई से प्लेऑफ के मैच खेले जाएंगे. इसमें क्वालीफायर-1 में आरसीबी और गुजरात टाइटंस सबसे पहले भिड़ेंगी. दोनों ही टीमों का प्रदर्शन टूर्नामेंट में शानदार रहा है. यहां हम आपको बताते हैं कि आईपीएल 2026 के पहले क्वालीफायर में किन पांच खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी.

### 1- विराट कोहली

आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बड़े मुकाबलों के ही खिलाड़ी माने जाते हैं. कोहली अकेले दम पर किसी भी मुकाबले का रुख पलटने का दमखम रखते हैं। विराट इस सीजन शानदार फॉर्म में भी चल रहे हैं. कोहली ने 14 मुकाबलों में 163 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 557 रन बनाए हैं. विराट अगर पहले क्वालिफायर में अपनी इसी फॉर्म को बरकरार रखने में सफल रहे, तो आरसीबी की फाइनल में पहुंचने की राह आसान हो सकती है.

### 2- साई सुदर्शन

आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन साई सुदर्शन के बल्ले से ही निकले हैं. सुदर्शन पारी को बुनने के साथ-साथ आक्रामक अंदाज में भी बल्लेबाजी कर सकते हैं. सबसे खास बात यह है कि वह निरंतरता के साथ रन बना रहे हैं और दबाव को अपने ऊपर हावी नहीं होने देते हैं। 14 मुकाबलों में 157 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए वह 638 रन बना चुके हैं.

### 3- शुभमन गिल

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल भी आरसीबी के गेंदबाजों के लिए पहले क्वालिफायर में बड़ा सिरदर्द साबित हो सकते हैं. गिल की हालिया फॉर्म कमाल की चल रही है और वह इस सीजन 616 रन बना चुके हैं. शुभमन की बल्लेबाजी में खास बात यह है कि वह बिना जोखिम उठाए गेंदबाजों पर दबाव बनाने का हुनर जानते हैं, जो उन्हें बाकी बल्लेबाजों से अलग बनाता है.

### 4- भुवनेश्वर कुमार

आरसीबी का पहले क्वालिफायर में प्रदर्शन कैसा रहेगा, यह काफी हद तक भुवनेश्वर कुमार के 4 ओवर के कोटे पर निर्भर करेगा. आईपीएल 2026 में भुवनेश्वर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं. वह अकेले दम पर अपनी गेंदबाजी से किसी भी मैच को पलट सकते हैं. पावरप्ले में अगर भुवनेश्वर साई सुदर्शन और शुभमन गिल की जोड़ी को पवेलियन भेजने में सफल रहे, तो आरसीबी के लिए पांचवां फाइनल खेलने के दरवाजे आसानी से खुल सकते हैं.

### 5- मोहम्मद सिराज

गुजरात टाइटंस के लिए सबसे अहम बात यह है कि मोहम्मद सिराज अपनी लय में लौट आए हैं. सिराज को धर्मशाला के मैदान पर हवा में अच्छी स्विंग भी मिल सकती है और जीटी के पहले गेंदबाजी करने पर वह बेहद घातक साबित हो सकते हैं. भले ही सिराज के लिए यह सीजन शुरुआत में कुछ खास न रहा हो, लेकिन बड़े मुकाबलों में दमदार प्रदर्शन करना उनकी पुरानी आदत रही है.




# कम बजट मे दिल्ली के पास मौजूद इन शानदार जगहों को देखने का उठाइए मजा


**अगर आप आप दिल्ली के पास कोई ऐसी जगह तलाश रहे हैं, जो देखने में खूबसूरत हो लेकिन बजट में भी हो, तो चलिए भारत की उन जगहों के बारे में जो बजट फ्रेंडली भी हैं और बेहद खूबसूरत भी है।**

### दिल्ली से वृंदावन

वृंदावन को भगवान कृष्ण के जन्म स्थान के रूप में जाना जाता है। शहर उन लोगों के लिए एक वरदान साबित होता है, जिन्हें आध्यात्मिक यात्रा पर जाना बेहद पसंद होता है। इस शहर में राधा और कृष्ण, मीरा बाई और बलराम को समर्पित बहुत सारे मंदिर हैं। अन्य पवित्र स्थान सेवा कुंज, श्रीजी मंदिर, जुगल किशोर मंदिर, कुसुमा सरो, इमली ताल, कालिया घाट, चिरा घाट, वराह घाट और स्वामी हरिदास की समाधि हैं, जहां आप घूमने के लिए जा सकते हैं। दिल्ली से नियमित बसें आसानी से उपलब्ध हैं और टिकट की लागत बहुत कम है। रहने की कीमत 600 प्रति दिन हो सकती है क्योंकि यह स्थान मंदिरों और धार्मिक स्थलों के लिए समर्पित है।

### दिल्ली से मैक्लोडगंज

जब बजट के अनुकूल पर्यटन और यात्रा की बात आती है, तो दिल्ली से 400 किलोमीटर की दूरी पर, हिमाचल प्रदेश में आपको इस जगह पर जरूर जाना चाहिए। ये जगह आध्यात्मिक गुरु, दलाई लामा का घर है, यहां का भागसू जलप्रपात, शिव कैफे आदि का चक्कर आपको एक बार अवश्य लगाना चाहिए। यहां रोजाना 300 रुपए में रूम मिलता है। सरकारी और निजी दोनों बसें आसानी से उपलब्ध हैं और इनकी कीमत 500 रुपए तक हो सकती है।




**दिल्ली से ऋषिकेश :** वाइट वॉटर राफ्टिंग और पवित्र गंगा नदी के घर के लिए प्रसिद्ध, एडवेंचर और शांत जगहों से प्यार करने वालों के लिए परफेक्ट है। इसके अलावा, दिल्ली से केवल 225 किलोमीटर की दूरी पर होने की वजह से आपको राजधानी से प्राइवेट बसों (आलीशान वोल्वोस) की मदद से ऋषिकेश तक आसानी से पहुंच सकते हैं। बसों की टिकट एक तरफ 200 से 1400रुपए के बीच है। इसके अलावा आप 150 रुपए में यहां के आश्रम में भी रुक सकते हैं।

**दिल्ली से बिनसर :** दिल्ली से सिर्फ 400 किलोमीटर दूर बिनसर की यात्रा भी आपको जिंदगीभर याद रहेग। ये शहर पर्यटकों के लिए एक परफेक्ट प्राकृतिक खूबसूरती प्रदान करता है। 90 के दशक में, ये जगह पक्षियों के लिए जानी जाती थी। दिल्ली से बिनसर परिवहन कीमत आपको 1500 तक लगेगी और ठहरने की लागत 2000 रुपए तक हो सकती है। कभी-कभी पर्यटकों को यहां हिरण या तेंदुए भी देखने को मिल जाते हैं।



**दिल्ली से वाराणसी :** दुनिया के सबसे पुराने शहर के रूप में जाना जाने वाला वाराणसी अपने आध्यात्मिक चीजों के लिए काफी प्रसिद्ध है। ट्रेन का किराया 350-700 रुपए के बीच है। होटल और ठरहने की कीमत 200 रुपए प्रति दिन जितनी कम है। भोजन और परिवहन लागत भी यात्रियों के बजट के भीतर है।



### दिल्ली से कसौल

हालांकि यह जगह दिल्ली से थोड़ी दूर है, लेकिन प्राकृतिक प्रेमियों के लिए यह स्वर्ग है। अद्भुत पहाड़ी और पहाड़ के नज़ारों, हिप्पी, साहसिक ट्रैकिंग ट्रेल्स और शांत बार के लिए प्रसिद्ध, यह स्थान हमेशा पर्यटकों की सूची में रहता है। दिल्ली से कसोल तक परिवहन लागत आपको 800-1000 के आसपास पड़ेगी और रहने, खाने सब कुछ बहुत ही कम कीमत में यहां उपलब्ध है।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ का किया स्वागत



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एवं प्रदेश महामंत्री भूपेन्द्र सैनी का संगठनात्मक प्रवास एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित बीकानेर दौरे की तैयारियों के सिलसिले में जयपुर जंक्शन से बीकानेर जंक्शन जाते समय रतनगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफा, शॉल एवं पार्टी का दुपट्टा पहनाकर दोनों नेताओं का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ईंधन बचाने एवं सार्वजनिक संसाधनों के सदुपयोग के संदेश को आत्मसात करते हुए उन्होंने ट्रेन से यात्रा करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित, सादगी एवं जिम्मेदारी की भावना हर जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता के जीवन का हिस्सा बननी चाहिए। राठौड़ ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष संतोष तालनिया, विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा बजरंग गुर्जर, शिवभगवान कम्मा, दीनदयाल पारीक, हरिप्रसाद दायमा, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, जगजीत सिंह पड़िहारा, कन्हैयालाल चौमाल सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

# छात्राओं ने लिया संकल्प



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे की राजकीय संचियालाल बैद बालिका उमा विद्यालय में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के दौरान विद्यालय परिसर की सफाई छात्राओं द्वारा की गई। छात्राओं ने प्रभात फेरी के पश्चात वंदे जल संरक्षण 2026 के जल संरक्षण, वर्षा जल संग्रहण, पर्यावरण संरक्षण, हरियालो राजस्थान, प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प लिया। समाजसेवा शिविर प्रभारी जगदीश प्रसाद शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कहकशा प्रथम व फातिमा द्वितीय रही। इस दौरान चंद्रकिशन सोनी, मोनिका शर्मा, देवांग शर्मा, कमला, उमा भोजक, सुलोचना पारीक उपस्थित थी।

# महायज्ञ में बढ़ रही है भक्तों की भीड़, 108 कुंडो पर 260 यजमान जोड़े दे रहे आहुतियां



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** निकटवर्ती मूंडरू के जालपाली धाम में साकेतवासी रामलखन दास महाराज की धूणी धाम में हरिचरण दास महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ में पांचवे दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुदर्शन दास महाराज ने बताया कि यज्ञाचार्य नंदन मिश्र के सानिध्य में 108 कुंडो पर 260 यजमान जोड़े आहुतियां प्रदान कर रहे है। पांचवे दिवस तक यजमानों ने कुल 16 लाख आहुतियां प्रदान की। यज्ञब्रह्मा सुधांशु शास्त्री ने बताया कि महायज्ञ के पांचवें दिवस की दोनों पारियों में पुरुष सूक्त, श्रीसूक्त, मूल रामायण सहित श्रीराम मंत्र की 5 लाख आहुतियां प्रदान की गई। चार दिवस में कुल 16 आहुतियां यजमानों द्वारा प्रदान की गई।

### यजमान रोजाना करा रहे है शिवार्चन, गौअर्चन व रामाअर्चन

**मंदिर परिसर में पंडित विष्णु शर्मा के द्वारा रोजाना शिवार्चन, गौअर्चन व रामाअर्चन करा रहे है । जिसके लिए रोजाना अलग अलग यजमान पूजन करा रहे है। सोमवार को सौरभ शर्मा ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष में शिवार्चन कराया। शाम को गौअर्चन कराया गया। जिसमें भगवान श्रीराम, शिव के विग्रह के सामने पूजन अर्चन, अभिषेक और श्रृंगार किया गया। गो माता की पूजा और आरती की गई। 3.25 क्विटंल घी, 6.5 क्विंटल हवन सामग्री व 21 क्विंटल काष्ठ का उपयोग**

**महायज्ञ में यज्ञाचार्य नंदन मिश्र के सानिध्य में 125 ब्राह्मण 108 कुंडो पर 260 यजमान जोड़ों से हवन, पूजा कर्म करा रहे है। यज्ञ पर्यवेक्षक राकेश शर्मा ने बताया कि महायज्ञ में प्रतिदिन 325 किलोग्राम घी, 10 क्विंटल गाय के गोबर के कंडे, पीपल, बरगद तथा आम की 21 क्विंटल काष्ठ, 3 क्विंटल तिल, 1.5 क्विंटल चावल, 70 किलो जौ, 50 किलो चीनी, 25 किलो गाय का घी, 50 किलो कमल गट्टा, सफेद चंदन, लाल चन्दन, बिल्व गिरी, छाड़ छबीला, नागरमोथा, जटामानसी, मजीठ, जावित्री, शतावरी, अगर-तगर, कर्पूरकाचरी, इंद्रजौ, भोजपत्र, मुलेठी, गूग्गल, पंचमेवा सहित कुल 6.5 क्विंटल हवन सामग्री का रोजाना उपयोग हो रहा है।**

# ब्लॉक स्तरीय वंदे गंगा जल संरक्षण जनजागृतिक कार्यक्रम आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा की हरीतिमा ढाणी में उपखंड प्रशासन द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय श्वंदे गंगा जल संरक्षण जनजागृति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहा कि भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए धरती से दोहन किए गए जल को पुन: भूगर्भ में पहुंचाना आवश्यक है। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि प्रकृति पंचभूतों का संगठन है, जिनका संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। प्रशासक सविता राठी ने कहा कि हमारी पीढ़ी भूगर्भ जल एवं नदियों के जल का अत्यधिक दोहन कर चुकी है, इसलिए अब जल संरक्षण के प्रति जागरूक होना आवश्यक हो गया है। तहसीलदार गिरधारी लाल पारीक, वाटरशेड विभाग के एक्सईएन विशाल भार्गव, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता रामगोपाल जाट, विद्युत विभाग से मुकेश कुमार, शिक्षा विभाग से कुमार स्वामी, राजीविका से हरकेश प्रजापत, ठाकुरमल, रामानंद फलवड़िया, कृषि विभाग से नरेंद्र सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता एवं ज्योति कछावा सहित अनेक अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। मंचस्थ अतिथियों का स्वागत उप प्रशासक गणपतदास स्वामी, पूर्व सरपंच रूपाराम खीचए खुशाल रामए हुकमारामए दीपचंद गिलाए धर्माराम, विक्रम, भंवर लाल मेघवाल, संजय नायक, रूपसिंह, भागूसिंह, भरत सारण, बाबूलाल, सुआ कंवर, ममता, टिंकू शर्मा एवं तिलोकाराम ने साफा एवं माला पहनाकर किया।

जनजागृति कार्यक्रम में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कन्हैयालाल शर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय को जल के प्रति सम्मान व्यक्त करने हेतु पुष्प अर्पित करवाकर जल पूजा करवाई। महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली। कार्यक्रम के दौरान प्रशासक एवं ग्रामीणों द्वारा अवैध खनन रोकने, सुरवास में पेयजल समस्या समाधान तथा गोपालपुरा स्थित जल हौद की छत मरम्मत करवाने संबंधी ज्ञापन भी प्रशासन को सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन कवि हरि राम ने किया।

# पानी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया घेराव



नंदलाल गौड़

**लोसल ( नवयत्न )।** लोसल में कम प्रेशर से पानी आने की समस्या का अभी समाधान नहीं हुआ कि लोसल के नजदीक आठ हजार की आबादी वाले सिंगरावट पंचायत में पीने के लिए पेयजल की मांग को लेकर सोमवार को लोगों ने पंचायत भवन का घेराव कर दिया। लोगों का आरोप है कि नौतपा में तापमान भट्टी की तरह उछाल मार रहा है लेकिन सिंगरावट गांव के लोगों की जिंदगी पानी के मामले में टेंकरो पर टिकी हुई है। जलदाय विभाग की पेयजल व्यवस्था के लिए जिम्मेदारों की जिम्मेदारी देखिए कि इस भीषण गर्मी में लोगों को घरों से बाहर निकल कर पेयजल समस्या का समाधान करने के लिए विरोध करने पर मजबूर होना पड़ा। लोगों का आरोप है कि भट्टी की तरह सुलग रहा तापमान के बावजूद लोगों के घर पानी नहीं पहुंच रहा है।

बड़ी संख्या में ग्रामीण ग्राम पंचायत भवन पहुंचे जहां पर पहुंचकर ग्रामीणों ने नियमित पानी की मांग को लेकर ग्राम पंचायत भवन का घेराव कर लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने विभाग एवं प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द पीने के लिए पानी की व्यवस्था के लिए मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से गांव में पेयजल का संकट बना हुआ है। कई मौहल्लों में समय पर पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिसकी वजह से प्यास बुझाने के लिए टेंकरो से पानी मंगवाना पड़ रहा है। आक्रोशित लोगों ने पंचायत प्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर बताया कि जल्द पानी की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो पानी की मांग और तेज कर दी जाएगी।

# प्रभात फेरी निकाल कर दिया जल संरक्षण का संदेश




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वंदे गंगा जल संरक्षण योजना के तहत सोमवार को श्रीमाधोपुर शहर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी को यूसीईईओ डॉ मधु चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाथों में तख्तियां लिए विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के नारे लगाकर आमजन को संदेश दिया। इसके पश्चात विद्यालय में गंगा दशहरा की महता पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में रवि कुमार कक्षा 12 ने प्रथम, तुलसी अग्रवाल कक्षा 12 ने द्वितीय तथा भावना सैनी कक्षा 10 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। डॉ मधु चौधरी ने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान 25 मई से 5 जून तक संचालित किया जाएगा। इसका उद्देश्य तालाबों नहरों बावड़ियों आदि की सफाई ही नहीं बल्कि जल संरक्षण के प्रति प्रत्येक नागरिक को जागरूक करना है। इस अवसर पर यूसीईईओ श्रीमाधोपुर के स्टॉफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पेंशनर समाज ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेश व जिला स्तरीय नेतृत्व के निर्देशानुसार राजस्थान पेंशनर समाज की स्थानीय इकाई द्वारा राजस्थान सरकार की स्वास्थ्य योजना आरजीएचएस में आ रही कठिनाइयों व इस योजना में सरकार द्वारा किए जाने वाले सम्भावित परिवर्तन के विरोध में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी के मार्फत ज्ञापन भेजा गया है। नायब तहसीलदार असलम खान को ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष रेखाराम मेहरडा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्याधर पारीक बताया कि सरकार द्वारा इस योजना को बीमा कंपनी के माध्यम से संचालित करने का मानस बना लिया गया है, जो पेंशनर्स के लिए असुविधाजनक साबित होगा। 14 अप्रैल से इस योजना में सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो रही हैं। इस दौरान पेंशनर्स द्वारा चिकित्सा संबंधी स्वयं द्वारा किए गए व्यय का पुनर्भरण की मांग भी की गई है। श्रमिक कल्याण केंद्र जलदाय विभाग गणेश मंदिर से समस्त पेंशनर शाखा के बैनर के साथ सरकार के विरुद्ध नारे लगाते हुए उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर सुखलाल सोनी, आनंदीलाल सोनी, रामचंद्र गुर्जर, ओकारा राम मेहरड़ा, यादवेंद्र त्रिवेदी, सोहनलाल, खींवाराम मेहरड़ा, भंवरलाल बावरी, ओमप्रकाश, विनोद कुमार सोनी, किशनलाल कटारिया, दीपा राम साडेला, गंगाराम माली, रामचंद्र जाट, श्रवण स्वामी, दीने खां, लक्ष्मणराम ढूकिया, नरेंद्र भाटी, श्याम सुंदर माली, हाकम अली, लक्ष्मण तेजस्वी, चंद्रभान सोनी, परमानंद मिश्रा, रंजीत नाई, सोहनलाल, श्याम लाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# भामाशाह सम्मान कार्यक्रम आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्रीकृष्ण गोशाला अजीतगढ़ परिसर में आयुर्वेद विभाग पूर्व जिलाधिकारी वैद्य बिहारी लाल भट्ट द्वारा निर्मित 4 बाथरूम एवं एक टॉयलेट का लोकार्पण एवं भामाशाह सम्मान कार्यक्रम वयोवृद्ध शिक्षाविद् सूरजमल सिखवाल के मुख्य आतिथ्य एवं गोशाला पूर्व व्यवस्थापक रामकिशोर कारीगर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य वक्ता गायत्री परिवार के घनश्याम पारीक थे। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि गोशाला परिसर में शहर के लोग नहान आदि कार्य के लिए आते है, जिनके स्नान के लिए बाथरूम की आवश्यता लम्बे समय से थी। इनके निर्माण से शहर के लोगों को सुविधा मिलेगी। इससे पूर्व भगवान श्रीकृष्ण एवं गौ माता के चित्र के समक्ष विधिवत दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भामाशाह बिहारी लाल भट्ट ने कहा कि गोशाला की व्यवस्थाओं में सुविधाओं के विकास के लिए गोशाला प्रबंधन निरन्तर कार्य कर रहा है, ऐसे पुनीत कार्य में सभी को यथायोग्य सहयोग करना चाहिए। मुख्य वक्ता घनश्याम पारीक ने कहा कि वर्तमान गोशाला प्रबंधन कमेटी गत वर्षों से गौसेवा और गोशाला विकास में सराहनीय कार्य कर रही है। प्रत्येक व्यक्ति को इनके कार्यों में सहयोग करना चाहिए तथा कमेटी को भी आलोचनाओं से घबराने के बजाय अच्छे कार्यों को जारी रखना चाहिए। इसके बाद अतिथियों, भामाशाह परिवार द्वारा विधिवत पट्टिका का अनावरण करके बाथरूम एवं टॉयलेट गोशाला के सुपुर्द किए गए। गोशाला प्रबंधन अध्यक्ष चैतन्य मीणा व कार्यकारिणी ने भामाशाह परिवार को भगवान श्रीकृष्ण व गाय का चित्र भेंट करके आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गोशाला व्यवस्थापक महेश दीवान, उपाध्यक्ष महेंद्र जांगिड़, कोषाध्यक्ष मोहन लाल पारीक, सचिव मूलशंकर गोठवाल, भरत शर्मा, महेश रामावत, नीलकमल शिखवाल, संदीप जोशी, डॉ कमलेश कांवर, दशरथ सिंह शेखावत, मुकेश यादव, घनश्याम आर्य, संजय रानीपुरा वाले, साधुराम मंगावा, सत्यनारायण नरेडी, दिनेश शर्मा, गोविंद नारायण शर्मा, कमलेश प्रभाकर, जीएल टेलर, जगदीश प्रसाद रानीपुरा वाले, करण सिंह बडगूजर, बलदेव कुमावत, श्याम सुंदर सैनी, पूरण प्रजापत, अक्षय कुमावत, मनीष चांदोलिया, हजारी लाल बड़सीवाल, प्रहलाद योगी, संदीप टेलर समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### इन भामाशाहो का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में गोशाला प्रबंधन अध्यक्ष चैतन्य मीणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वैद्य बिहारी लाल भट्ट, गजानंद भट्ट, मुरारी लाल भट्ट, राजेंद्र भट्ट, दामोदर भट्ट, नरेंद्र भट्ट, सुभाष भट्ट, अनिल भट्ट, दिनेश भट्ट, सीताराम भट्ट, राहुल भट्ट, रौनक भट्ट, बबलू भट्ट का माल्यार्पण, साफा बंधवाकर सम्मान किया गया। वहीं कार्यक्रम में गत दिनों गोशाला परिसर में बालाजी मंदिर जीर्णोद्वार करवाने पर जगदीश प्रसाद सैनी का सम्मान किया गया।

# पूर्णाहुति के साथ श्रीराम महायज्ञ का हुआ समापन



श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** सरगोठ गांव के गणपति धाम स्थित गणपतेश्वर गौशाला परिसर में चल रहे नौ दिवसीय 21 कुण्डात्मक मानव कल्याणार्थ भव्य श्रीराम महायज्ञ का सोमवार को पूर्ण आहुति के साथ समापन हुआ। यज्ञ के अंतिम दिन यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, खंडेला विधायक सुभाष मील, डॉ माधव सिंह, छुट्टन यादव सहित अनेक लोगों ने यज्ञ में शामिल होकर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। यज्ञ कर्ता प्रयागदास महाराज ने बताया कि यज्ञ आचार्य संदीप शर्मा के नेतृत्व में श्रीराम मंत्र की 9 लाख आहुतियां दी गई। प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7:30 बजे तक संतों का प्रवचन, श्रीराम कथा, श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया जिससे धाम का पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। सरगोठ सहित आसपास के गांवों के हजारों लोग यज्ञ में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जोहड़ादास आश्रम महरोली के राममूर्तिदास महाराज, रघुनाथ धाम खेजरोली के राघवदास महाराज, श्रीराम टेकड़ी धाम लिसाड़ियां के महात्यागी बालकदास महाराज, यज्ञ संरक्षक गणपति धाम सरगोठ के दौलतदास महाराज, हुनतपुरा धाम के संत बालानन्द मठ पीठाधीश्वर महंत महावीरदास महाराज, मुकुंददास महाराज सूरत, गुजरात, शत्रुघ्नदास महाराज महरोली, महामंडलेश्वर रामसेवकदास महाराज सहित अनेक संत महात्मा यज्ञ में शामिल हुए। इस दौरान पंडित जितेंद्र शर्मा, फूलचंद यादव, गणेश राम लोच्छिब, नन्दाराम यादव, लादूराम मूण्ड, चोथमल जांगिड़, सुरेन्द्र बेनीवाल, गोपाल खातोदिया, सरगोठ प्रशासन मोहनलाल यादव, शेखर बावलिया पूरण गढ़वाल, पप्पूराम बूल्डक, दीपचंद यादव, सुभाष लोच्छिब, मुकेश मूण्ड, रोहिताश सैनी, मालीराम कुमावत, जगदीश जांगिड़, भगवान सहाय कुमावत, चोथमल शर्मा सहित अनेक लोगों ने यज्ञ में अपनी सेवाएं दी।

# इंदोर में सम्मानित हुए सुजानगढ़ के पदाधिकारी

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लायंस क्लब इंटरनेशनल की नौवीं कन्वेंशन-उरविश का आयोजन इंदौर में किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब सुजानगढ़ के जोन चेयरपर्सन एमजेएफ कमल तापड़िया एवं अध्यक्ष प्रशांत पारीक को लॉयन्स क्लब सुजानगढ़ द्वारा किये जा रहे सेवा प्रकल्पों के लिए मल्टीपल के नव निर्वाचित कुलभूषण मित्तल, मनीष शाह, मनोज शाह, पीडीजी सुमेरमल जैन द्वारा आउट स्टैंडिंग लॉयन अवार्ड से सम्मानित किया गया एवं मोमेंटो भेंट किया। कन्वेंशन में लॉयन कमल तापड़िया, प्रशांत पारीक, देवेंद्र बेदी, सीएरोहित शर्मा ने भाग लिया। सभी पदाधिकारियों ने सुजानगढ़ लायंस क्लब की नेत्र दान मुहिम की भूरी भूरी प्रशंसा की।



# भीषण गर्मी में राहत अभियान
# आमजन और बेजुबानों तक पहुंचाई ठंडक






निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए नगर निगम जयपुर की ओर से आमजन एवं बेजुबान पशुओं को राहत पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर हिंगौनिया गौशाला सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पानी का छिड़काव एवं एंटी फोगिंग गन के माध्यम से शीतलता प्रदान करने की कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने बताया कि नगर निगम की ओर से प्रमुख चौराहों, मार्गों और रेड लाइट सिग्नलों पर ग्रीन शेड भी लगाए गए हैं ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को तेज धूप से राहत मिल सके। अभियान के तहत हिंगौनिया गौशाला में गायों एवं अन्य पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए विशेष रूप से पानी का छिड़काव किया गया। निगम की टीमों ने गौशाला परिसर में लगातार मॉनिटरिंग करते हुए पशुओं के लिए अनुकूल वातावरण बनाए रखने के प्रयास किए। वहीं शहर के रामबाग, नारायण सिंह सर्किल, किशनपोल बाजार, ट्रांसपोर्ट नगर, जनता कॉलोनी, सेठी कॉलोनी, अशोक नगर तथा एसएमएस अस्पताल के बाहर एंटी फोगिंग गन और पानी के छिड़काव के माध्यम से लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई गई। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जनसहयोग एवं गैर सरकारी संगठनों की मदद से श्वानों और पक्षियों के लिए पानी की टंकियां भी लगवाई गई हैं। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने कहा कि निगम केवल शहर की स्वच्छता ही नहीं बल्कि नागरिकों एवं बेजुबान पशुओं की सुरक्षा और सुविधा के प्रति भी संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए लगातार राहत कार्य किए जा रहे हैं, ताकि आमजन को गर्म हवाओं और अत्यधिक तापमान से राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि हिंगौनिया गौशाला में पशुओं की देखभाल निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है और गर्मी के मौसम में विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। निगम की टीमें आगामी दिनों में भी विभिन्न क्षेत्रों में राहत कार्य जारी रखेंगी।

## मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर कल

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 39 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 27 मई बुधवार को माहेश्वरी भवन में होगा। शिविर प्रभारी व ट्रस्टी नरेंद्र झंवर ने बताया कि इन्द्रचन्द थर्ड वेलफेयर ट्रस्ट कोलकाता के द्वारा लगने वाले शिविर में मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता नि:शुल्क रहेगी।

## प्रदीप मेघवाल के परिवार को आर्थिक सहयोग देंगे विनोद जाखड़

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के सहयोग से 11 लाख रुपए की सहायता राशि सौंपी जाएगी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नीट पेपर लीक मामले से आहत होकर आत्महत्या करने वाले सीकर निवासी छात्र प्रदीप मेघवाल के परिवार को आर्थिक सहयोग देने के लिए मंगलवार को विनोद जाखड़ उनके निवास पर पहुंचेंगे। एनएसयूआई की ओर से परिवार को 11 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने आरोप लगाया कि पेपर लीक कांड ने देशभर के लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है और प्रदीप मेघवाल भी इसी भ्रष्ट व्यवस्था का शिकार हुए। संगठन के अनुसार प्रदीप के परिवार ने उनकी पढ़ाई के लिए लाखों रुपए का कर्ज लिया था और पूरे परिवार को उनके चयन की उम्मीद थी, लेकिन पेपर लीक प्रकरण ने उनके सपनों को तोड़ दिया। घटना के बाद एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की थी। इस दौरान उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से भी परिवार की बातचीत करवाई थी। राहुल गांधी ने परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया था। एनएसयूआई के अनुसार संगठन के कार्यकर्ताओं के सहयोग से जुटाई गई 11 लाख रुपए की राशि मंगलवार 26 मई को प्रदीप मेघवाल के परिवार को सौंपी जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न भामाशाह भी परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे। संगठन ने कहा कि प्रदीप मेघवाल को न्याय दिलाने और नीट पेपर लीक प्रकरण के दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। छात्र हितों पर किसी भी प्रकार का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## ग्रीष्मकालीन संस्कार शिक्षण शिविर में बही भक्ति की लहर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति सांगानेर एवं अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महिला महासमिति के संयुक्त तत्वावधान में तारों की कूट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में 28 मई तक आयोजित 12 दिवसीय ग्रीष्मकालीन संस्कार शिविर में समाज के बच्चे महिलाएं, पुरुष वर्ग उत्साह पूर्वक भाग लेकर धर्म एवं संस्कार प्राप्त कर रहे हैं। शिविर में छोटी छोटी राइम्स के माध्यम से बच्चें धार्मिक संस्कार सीख रहे हैं। सूर्य नगर सम्भाग अध्यक्ष पुष्पा पाटोदी एवं महामंत्री सुधा जैन मालपुरा ने बताया कि जैन की दिनचर्या, पाश्चात्य संस्कृति, आध्यात्मिक भजन, हाईकू इत्यादि बहुत सारी प्रतियोगिताएं चल रही है। सूर्य नगर संभाग की युवा प्रकोष्ठ मंत्री दीपिका जैन कोटखावदा ने बताया कि संस्थान से पधारी विदुषियों द्वारा सरल एवं रुचि पूर्ण शैली में अध्ययन करवा कर प्रश्न इत्यादि पूछ कर धर्म एवं संस्कार की प्रभावना हो रही है। शिविर की कोषाध्यक्ष अंजू पापड़ी वाल, महिला प्रकोष्ठ मंत्री सुमिता पाटनी, धार्मिक मंत्री रेणु कासलीवाल ने बताया शिविर के दौरान रोजाना लगभग 50 बच्चों को उत्साह वर्धन के लिए प्रतिदिन प्रभावना उपहार वितरित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में मैना देवी, मुन्ना देवी, विनोद- दीपिका जैन कोटखावदा परिवार की ओर से दो दिनों तक उपहार वितरित किए गए। इसके साथ ही ज्योति जैन, ललित - मीनाक्षी सोनी, इंदू-प्रकाश टोंग्या, अभय - अनीता लुहाड़िया, रितेश-सुमीता पाटनी, कैलाश, सुनील - मृदुला सरनका द्वारा भी बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए उपहार वितरित किए जाएंगे। शिक्षण शिविर के माध्यम से बच्चों एवं बड़ों में धर्म के प्रति श्रद्धा एवं संस्कार का वातावरण कूट-कूट कर विकसित हो रहा है।

## गौसेवा और भक्ति से गुंजायमान हुई गौशाला



ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** ऋषिकेश के प्रसिद्ध कथावाचक एवं संत हरिशरण महाराज प्रभात फेरी के दौरान राजलदेसर गौशाला पहुँचे, जहाँ गौभक्तों एवं श्रद्धालुओं ने उनका भावपूर्ण स्वागत किया। महाराजश्री के आगमन से गौशाला परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर हो उठा। इस दौरान महाराजश्री ने गोपाल के दर्शन कर गौ माता को अपने हाथों से गुड़ खिलाया तथा विधिवत गौ माता की आरती कर हरि कीर्तन किया। भजनों एवं हरिनाम संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया और उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। महाराजश्री ने गौशाला की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर गौसेवा कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति, धर्म एवं सनातन परंपरा का अभिन्न हिस्सा है तथा गौमाता की सेवा करने से समाज में सुख, शांति और समृद्धि का संचार होता है। उन्होंने गौभक्तों से गौसंरक्षण एवं सेवा कार्यों में निरंतर योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंगतमल पांडिया, ललित दाधीच, वीरेंद्र लाटा, भुवनेश्वर शर्मा, रतनलाल बारुपाल, मुकेश श्रीमाल, पवन स्वर्णकार, हड़मान सोनी, पुष्पा शर्मा, मधु श्रीमाल, शिवभगवान सोनी, राधेश्याम पाण्डे सहित अनेक गौभक्त उपस्थित रहे।

## बहड़ की पुण्यतिथि पर निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 29 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** शेखावाटी जनपद के सुप्रसिद्ध समाजसेवी व रंगकर्मी स्व. हरिराम बहड़ की 24वीं पुण्यतिथि 29 मई को मनाई जाएगी। श्रीराम जोशी ने बताया कि बहड़ की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली सभा व 10वाँ निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर हरिराम बहड़ सेवा संस्थान व सांस्कृतिक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बजाज रोड स्थित चौकड़ीका विश्राम भवन में शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में आँखों के रोगियों की जांच की जाएगी। संस्थान के शशि बहड़ ने बताया कि नि:शुल्क नेत्र श्रद्धांजलि सभा व नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की अध्यक्षता सांसद अमराराम करेंगे वहीं मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र पारीक होंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व पूर्व सभापति जीवण खां होंगे।

## गोवर्धन नाथ मंदिर में सजी खस महल की आकर्षक झांकी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अधिक मास के अवसर पर सूरजपोल स्थित मोहनबाड़ी के श्री गोवर्धन नाथजी मंदिर में आयोजित 11 दिवसीय श्रीमद्भागवत एकादश एवं मूल श्लोक परायण, श्री गोवर्धन नाथ व मथुराधीश प्रभु दर्शन तथा 56 भोग महोत्सव के तहत सोमवार को खस महल के मनोरथ की भव्य झांकी सजाई गई। आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही और दर्शन के लिए दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। श्री पुष्टिमार्गीय वैष्णव मंडल एवं श्री वल्लभ पुष्टिमार्गीय मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष नारायण दास अग्रवाल, मंत्री सोहनलाल टुकड़े वाला, संयोजक नटवरलाल मालपानी एवं कोषाध्यक्ष गोरधन दास भगत ने बताया कि करीब एक क्विंटल खस से तैयार इस झांकी में फूल-पत्तियों के साथ विभिन्न खिलौनों का भी उपयोग किया गया। करीब 30 कारीगरों ने 12 घंटे की मेहनत से इस मनोरम झांकी को तैयार किया। झांकी दर्शन के दौरान जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। इससे पूर्व व्यासपीठ से बड़ोदरा निवासी भागवत मर्मज्ञ गिरिराज शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा प्रारंभ से पहले पीडी बांगड़ एवं एमडी बांगड़ परिवार ने श्रीमद्भागवतजी की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। कथावाचक गिरिराज शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं बल्कि वात्सल्य, प्रेम और अलौकिक ज्ञान का अद्भुत संगम हैं। माखन चोरी, मिट्टी खाने और ओखल बंधन जैसी लीलाओं के माध्यम से भगवान ने प्रेमए समर्पण और अहंकार त्याग का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यशोदा मैया को अनगिनत जन्मों के तप का फल मिला, जब स्वयं भगवान ने उनके प्रेम के आगे अपने आपको समर्पित कर दिया। उन्होंने गोपियों के प्रेम का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण अपनी दिव्य लीलाओं से गोपियों के क्रोध को भी प्रेम में बदल देते थे, जिससे वे अपनी सुध-बुध खोकर आनंद में मग्न हो जाती थी। महाराज ने कहा कि भगवान को पाने के लिए पांडित्य नहीं बल्कि निष्कपट प्रेम और भोलापन आवश्यक है।

## अधिक मास की कमला पद्मिनी एकादशी कल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सनातन धर्म में विशेष महत्व रखने वाले पुरुषोत्तम मास अधिक मास की एकादशी यानी कमला पद्मिनी एकादशी इस बार 27 मई बुधवार को बेहद शुभ संयोगों के बीच मनाई जाएगी। इस दिन राजयोग और सर्वार्थ सिद्धि योग का महासंयोग बन रहा है, जिससे इस व्रत का महत्व और अधिक बढ़ गया है। पंडित राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में आने वाली इस एकादशी को पद्मिनी और कमला एकादशी दोनों नामों से जाना जाता है। चूंकि अधिक मास हर तीन साल में एक बार आता है, इसलिए यह एकादशी भी तीन वर्ष में केवल एक बार ही आती है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन व्रत और आराधना करने से भगवान विष्णु अत्यंत प्रसन्न होते हैं और भक्तों पर अपनी विशेष कृपा बरसाते हैं। पद्म पुराण के अनुसार कमला एकादशी का व्रत रखने से न केवल भगवान श्रीहरि और माता लक्ष्मी का आशीर्वाद मिलता है बल्कि पितरों को भी मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके अलावा इस व्रत को जीवन में सुख-समृद्धि और संतान सुख देने वाला भी माना गया है। इस पावन तिथि पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन भगवान श्रीहरि को पीले पुष्प, पीले फल और पीले वस्त्र अर्पित करना बेहद शुभ माना जाता है। साथ ही पूजा के दौरान विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करने से जीवन के सभी कष्टों का निवारण होता है। वहीं बुधवार को पूजा-अर्चना के लिए दो विशेष और श्रेष्ठ मुहूर्त है। जिसमें बुधवार सुबह का पहला मुहूर्त प्रात: 05:33 बजे से सुबह 08:57 बजे तक और दोपहर का दूसरा मुहूर्त सुबह 10:39 बजे से दोपहर 12:21 बजे तक रहेगा।

## पेंशनर्स ने प्रदर्शन करते हुए सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा-तारानगर द्वारा प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार पेंशनर्स को आरजीएचएस में अनुमोदित चिकित्सालयों एवं फार्मा स्टोर्स द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा बिना किसी व्यवधान के नियमित रूप से उपलब्ध कराने के सम्बंध में मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी तारानगर को ज्ञापन दिया गया। पिछले लगभग एक वर्ष से पेंशनर्स को अनुमोदित हॉस्पीटल से आरजीएचएस में नि:शुल्क उपचार प्राप्त करने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिनांक 14अप्रैल, 2026 से प्रदेश में पेंशनर्स को न तो सूचीबद्ध अनुमोदित हॉस्पीटल में चिकित्सा सुविधा मिल रही है और ना ही फार्मा स्टोर्स से नि:शुल्क दवाई मिल रही है। राजस्थान पेंशनर समाज विगत तीन माह से कई बार चिकित्सा विभाग और आरजीएचएस के अधिकारियों से सम्पर्क कर इस समस्या के निवारण का अनुरोध कर चुका है किन्तु इस सम्बन्ध में कोई सकारात्मक कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। ज्ञापन में आरजीएचएस को बीमा मोड पर नहीं दिया जावे, आरजीएचएस में पेंशनर्स हेतु ओपीडी एवं आईपीडी की वर्तमान व्यवस्था को यथावत जारी रखा जावे तथा मूल योजना में किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जावे, आरजीएचएस में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ न मिलने के कारण हॉस्पीटल एवं फार्मा स्टोर्स की बहिष्कार अवधि दिनांक 14अप्रैल, 2026 से पुन: चिकित्सा सुविधा सुविधा उपलब्ध होने तक जिन भी पेंशनर्स द्वारा नकद भुगतान कर चिकित्सा सुविधा प्राप्त की गई है, उनको सम्पूर्ण राशि का पुनर्भरण करवाया जावे, अनुमोदित हॉस्पीटल्स एवं फार्मा स्टोर्स को समयबद्ध नियमित भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। इस मौके पर पालाराम जिंदल, डॉ मातुसिंह राठौड़, रामस्वरूप सहारण द्वारा विचार व्यक्त किए गए। पेंशनर समाज द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर हेतराम भाकर, अमीलाल धायल, बनवारीलाल मेहरा, बीरसिंह, जसवंतसिंह, किस्तूरचंद मोठसरा, जयप्रकाश स्वामी, प्रकाशचंद्र मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

## शिव शक्ति हनुमान मंदिर में भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार स्थित तंवर जी का नोहरा के शिव शक्ति हनुमान मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया गया। मंदिर के महंत पंडित दिनेश शर्मा के सान्निध्य में भगवान शिव का अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। गंगा दशहरा के महत्व को दर्शाते हुए विशेष रूप से पुष्पों के माध्यम से महादेव के शीश पर मां गंगा को धारण किए हुए अलौकिक रूप को जीवंत किया गया। शिवजी के इस दिव्य स्वरूप के दर्शन के लिए मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विशेष झांकी और श्रृंगार के बाद मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ और मां गंगा की सामूहिक महाआरती की गई। पूरी संध्या हर-हर महादेव और गंगा मैया की जय के जयकारों से गुंजायमान रही। आरती के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं में विशेष प्रसाद का वितरण किया गया।

## बीइंग सिंधी फाउंडेशन ने 800 विद्यार्थियों को वितरित किए नि:शुल्क स्कूल बैग



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बीइंग सिंधी फाउंडेशन एसपीएल की ओर से मानसरोवर स्थित क्रिकेट अकादमी, रिद्धि-सिद्धि चौराहा पर विशाल निशुल्क स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सिंधी समाज के बच्चों को 800 स्कूल बैग निशुल्क वितरित किए गए।

फाउंडेशन की महासचिव प्रिया ज्ञानानी ने बताया कि संस्था अध्यक्ष सुनील पारवानी एवं पूरी टीम के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि बीइंग सिंधी फाउंडेशन वर्षभर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से विद्यार्थी सम्मान समारोह, स्कूल बैग वितरण, सिंधु आइडियल गायन प्रतियोगिता, सिंधी प्रीमियर क्रिकेट लीग, बुजुर्ग सम्मान समारोह सहित कई सामाजिक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा होली मिलन और दिवाली मिलन समारोह भी आयोजित किए जाते हैं, जिनमें समाज के लोग उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। प्रिया ज्ञानानी ने कहा कि जयपुर ही नहीं बल्कि पूरे राजस्थान में बीइंग सिंधी फाउंडेशन ने समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। संस्था लगातार समाज के बच्चों और बुजुर्गों के लिए नए आयाम स्थापित करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में एसपीएल टीम प्रमुख दादा गोविंद रामनानी, अर्जुन सचदेवा, हितेश आडवाणी, राजकुमार संगतानी, समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी, पुरुषोत्तम गुलवानी, रमेश हरदयलानी, मनीष पंजवानी, प्रदीप मोटवानी, सुनील कृपलानी, दीपक टहलवानी, इंद्र ज्ञानानी, ओम मोटवानी, जयकिशन, भूमि कृपलानी, ज्योति छतवानी, मीना मूलचंदानी, ऊषा वाधवा, कंचन भंबानी, चंद्रा रोहरा, पूजा रोहरा, शारदा बालानी, तारा ज्योति खत्री, मुस्कान, अनीता सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

## एक दिवसीय चिंतन शिविर आयोजित

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** चुरु रोड स्थित एक स्थानीय होटल के सभागार में जिले के रावणा राजपूत विकास संस्थान के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष केसर सिंह राठौड़ राजीयासर की उपस्थिति में आयोजित एक दिवसीय चिंतन शिविर के प्रथम सत्र में समाज की दशा और दिशा पर मंथन हुआ। जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन समाज भवन और छात्रावास निर्माण की योजना का कार्य निश्चित अवधि में पूर्ण हो, इसके लिए प्रत्येक समाज बंधु से हर संभव सहयोग की अपेक्षा की गई। कोषाध्यक्ष राधेश्याम सिंह चौहान द्वारा संस्थान के वित्तीय प्रबंधन और व्यय का ब्यौरा पटल पर रखा, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। शिविर में मुख्य तौर पर बालिका शिक्षा, दहेज मुक्त विवाह और व्यसन मुक्ति के प्रति सामाजिक जन जागरण किया जाकर जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, मृत्यु भोज आदि अवसरों पर फिजूलखर्ची पर रोक आदि विषयों पर गहन चिंतन किया गया और इस पर हर संभव अमल करने की आवश्यकता प्रकट की गई।

चिंतन शिविर के द्वितीय चरण में सेवानिवृत्त लेखाधिकारी जगदीश सिंह चौहान हणुतपुरा, दिलीप सिंह बादड़ीया, विक्रम सिंह सरदारशहर, रणजीत सिंह नैणासर ने विचार रखे और बताया कि प्रदेश भर में 70 लाख के करीबन रावणा राजपूत है, परंतु राजनीतिक क्षेत्र में समाज का प्रतिनिधित्व अत्यल्प हैं जो चिंताजनक है। राजनीतिक दल समाज के साथ सरासर भेदभाव करते आये है। आगामी निकाय



और पंचायत चुनाव सर्वसमाज के लोगों को साथ लेकर समाज के योग्य और सेवाभावी बंधुओं को आगे आना होगा, प्रदेश स्तर पर इसके लिए पुरजोर प्रयास किये जायेंगे।

चिंतन शिविर में जिला कार्यकारिणी का सर्वसम्मति विस्तार से किया गया। उद्देश्य तक पंहुचे चिंतन शिविर में मानसिंह भाटी चुरु, महेंद्र सिंह बीदावत रतनगढ़, राजेन्द्र सिंह कालोड़ी राजगढ़, महेंद्र सिंह सुजानगढ़, पवनसिंह तोगावास तारानगर, नरपतसिंह जसरासर चुरु, राजू सिंह पोटी चुरु, किशोर सिंह राजलदेसर, बिजेंद्र सिंह सांखला, अभिषेक सिंह चौहान, नारायण सिंह नरुका, भगवान सिंह इंदा, मदन सिंह सांगासर, भैंरु सिंह सारंगसर, रामसिंह तेहनदेसर, पृथ्वी सिंह घांघू सहित जिले की सातों तहसीलों के सैंकड़ों रावणा राजपूत उपस्थित रहे। शिविर का मंचिय संचालन राजेन्द्र सिंह बीदावत ने किया।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190